



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 355 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 24 सितम्बर 2024 डाक 25 सिमम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा


**विविधा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा खूंटी में 'भगवान बिरसा मुंडा' की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए



**देश-विदेश**

पीएम मोदी बदल चुके हैं, हमने उन्हें मनोवैज्ञानिक रूप से तोड़ दिया : राहुल गांधी



**फीचर पेज**

क्या आपको भी खाना खाते समय लगती है प्यास, तो हो सकती है ये खतरनाक बीमारी



### तमिलनाडु में एनआईए का बड़ा एक्शन

## आतंकी साजिश के मामले में 11 स्थानों पर की जा रही छापेमारी



**चेन्नई।** भारत में इस्लामिक शासन की साजिश करने वाले कट्टरपंथी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ एनआईए ने बड़ी कार्रवाई की। तमिलनाडु में कम से कम 11 जगहों पर एनआईए ने छापेमारी की। यह संगठन दुनियाभर के कई देशों में प्रतिबंधित है। युवाओं का ब्रेनवॉश करके देशविरोधी कामों में लगाने के आरोप में चेन्नई सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने मुकदमा दर्ज किया था। अब इस मामले को एनआईए को सौंप दिया गया है। हिज्ब-उत-तहरीर भड़काऊ तकरीरें सुनाकर युवाओं को बरगलाने की कोशिश करता है। यह युवाओं को जिहाद के लिए तैयार करने के अलावा उन्हें हथियारों की ट्रेनिंग भी देता है। यहां तक की कट्टरपंथी आतंकवादी संगठन जैविक हथियार बनाने की भी ट्रेनिंग देता है। हिज्ब-उत-ताहिर धर्म परिवर्तन में भी शामिल रहता है। इसके अलावा लव जिहाद की घटनाओं में भी उसका हाथ पाया गया है।

## 'कांग्रेस दो जीभ वाला सांप, राहुल गांधी के आरक्षण वाले बयान पर भाजपा नेता बोला हमला



**रोहतक, 24 सितम्बर [एजेंसी]।**

भाजपा के राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा ने कांग्रेस को दो जीभ वाला सांप बताया। कहा कि कांग्रेस के नेता देश में कुछ और बोलते हैं और विदेश में जाकर कुछ और बोलते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जैसी बचकानी बातें कोई नेता नहीं कर सकता उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव के दौरान बोल रही थी कि मोदी प्रधानमंत्री बने तो आरक्षण खत्म कर देंगे, लेकिन अब राहुल गांधी विदेश में जाकर खुद आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे हैं। मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। जांगड़ा ने कहा कि कांग्रेस के नेता मानसिक संतुलन खो चुके हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि ना भाजपा के पास गिनवाने लायक पूर्व का कोई काम है और ना ही भविष्य का कोई रोडमैप। भाजपा ने कांग्रेस की गारंटियों को कापी करके अपना घोषणापत्र तैयार किया है।

रोहतक में प्रेसवार्ता करते हुए पूर्व सीएम हुड्डा ने कहा, हरियाणा में पहले कोई चिट्टे का नाम तक नहीं जानता था, लेकिन भाजपा के संरक्षण में ऐसा नशा गली-गली तक पहुंच गया है। इस सरकार प्रदेश की किसानी और जवानी को बर्बाद करने का काम किया है।

### सेंसेक्स ने रचा इतिहास, पहली बार 85000 के पार, निफ्टी ने भी बनाया ऑल टाइम हाई

*नई दिल्ली। भारतीय स्टॉक मार्केट ने आज यानी मंगलवार को एक नया कीर्तिमान बनाया। सेंसेक्स और निफ्टी ने शुरुआती गिरावट के बाद नया ऑलटाइम हाई हना। सेंसेक्स ने पहली बार 85,000 का लेवल क्रॉस किया। वहीं, निफ्टी 50 भी 25,971 के स्तर पर पहुंचा, जो इसका नया उच्च स्तर है। हालांकि, आजशुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों गिरावट के साथ खुले। लेकिन, चीन और अन्य एशियाई बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने के बाद इनमें तेजी दिखी।*

### 168 करोड़ की धोखाधड़ी

## ज्ञानराधा सहकारी समिति के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, 7.5 करोड़ की संपत्ति फ्रीज



**मुंबई, 24 सितम्बर ।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मुंबई शाखा ने ज्ञानराधा मल्टीस्टेट सहकारी समिति लि. (डीएमसीएसएल), इसके चेयरमैन सुरेश कुटे और अन्य के खिलाफ जारी जांच के सिलसिले में दिल्ली, महाराष्ट्र और गुजरात में छापा मारा। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली, जलगांव और अहमदाबाद में कई स्थानों पर शुक्रवार और शनिवार को तलाशी ली गई। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान बैंक फंड, फिक्स्ड डिपॉजिट, डीमैट अकाउंट होल्डिंग्स के रूप में 7.5 करोड़ रुपये की चल संपत्तियां फ्रीज की गई। साथ ही विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरणों को भी जब्त किया गया है। ईडी ने मई से जुलाई, 2024 के दौरान महाराष्ट्र के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज विभिन्न एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। अब तक दर्ज और सत्यापित एफआईआर के अनुसार, निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की अनुमानित राशि करीब 168 करोड़ रुपये है।

### आकाशीय बिजली से मछुआरे की मौत

**बिलासपुर ।** फरहदा खार के खारंग नदी के पास हुई। मछली पकड़ने गए एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की बिजली गिरने से मौत हो गई। पुलिस वृद्ध मछुआरे की जानकारी जुटा रही है, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई है। बोदरी और बिल्हा तहसील में झमाझम वर्षा रिकार्ड की गई है, वहीं बिलासपुर शहर में कम वर्षा दर्ज की गई। नतीजा यह रहा कि दिन के तापमान में वृद्धि हुई है और पारा 35 डिग्री के करीब पहुंच गया। इधर, जिले में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान लगाया है, लेकिन, इससे गर्मी और उमस से राहत की उम्मीद नहीं है।

## हाईकोर्ट से सिद्धारमैया को नहीं मिली राहत जमीन घोटाले मामले में सीएम पर चलेगा केस

**बेंगलूरू, 24 सितम्बर [एजेंसी]।**



मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण केस में कर्नाटक हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को राहत नहीं मिली है। हाईकोर्ट ने सीएम सिद्धारमैया पर केस चलने की मंजूरी दे दी है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि याचिका में बताए गए तथ्यों की जांच करने की जरूरत है। हाईकोर्ट ने 12 सितंबर को मामले की सुनवाई को पूरा कर अपने फैसले को सुरक्षित रख लिया था। इस याचिका में सिद्धारमैया ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले में उनके खिलाफ राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा जांच के लिए दी गई मंजूरी को चुनौती दी थी।

मंगलवार को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण केस पर हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि, राज्यपाल कानून के हिसाब से केस चला सकते हैं। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि, राज्यपाल स्वतंत्र निर्णय ले सकते हैं और राज्यपाल गहलोत ने अपने दिमाग का पूरी तरह से इस्तेमाल किया है। इसलिए, जहां तक आदेश (मुख्यमंत्री पर मुकदमा चलाने का) का सवाल है, राज्यपाल के एक्शन में कोई खामी नहीं है।

## बस की टक्कर से छात्र की मौत, आक्रोशित छात्रों ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर लगाया जाम



**दोस्तपुर (सुलतानपुर)।** बस की टक्कर से विद्यालय जा रहे एक छात्र की मौत हो गई। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने पहले स्थानीय मार्ग फिर छात्रों ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे जाम कर दिया। इससे दूर-दूर तक वाहनों की कतार लग गई है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी उन्हे समझाने में लगे हैं। पासियापारा गांव निवासी लवकुश सुबह घर से साइकिल लेकर विद्यालय श्रीराम देव सिंह इंटर कॉलेज में पढ़ने के लिए जा रहे थे। कामतागंज बाजार के पहले दोस्तपुर नेमपुर मार्ग पर आ रही बस की चपेट में आए। सिर पहिए के नीचे आने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इससे मौके पर छात्र की मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने बस रोक ली और चालक को पकड़ लिया। बस में तोड़फोड़ भी की। साथ ही जाम लगाकर आवागमन ठप कर दिया। लगभग तीन घंटे से स्थानीय मार्ग जाम है।

उधर, दुर्घटना की जानकारी मिलने पर कालेज के छात्र भड़क उठे। उन्होंने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे जाम कर दिया। मृतक छात्र के पिता रामदीन की मौत बीमारी से छह माह पहले हो चुकी है। बड़ा भाई अभिषेक है। मां नीतू का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने ड्राइवर को बंधक बना लिया है। एसडीएम उत्तम तिवारी पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाने की बात कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में चल रही पुलिस के साथ मुठभेड़

### 30-40 नक्सलियों की मौजूदगी की आशंका



**सुकमा, 24 सितम्बर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के सुकमा में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। मौके पर 30 से 40 नक्सलियों की मौजूदगी है। पुलिस ने इलाके को घेर लिया है। दोनों तरफ से गोलीबारी हो रही है।जानकारी के मुताबिक, यह मुठभेड़ जिला सुकमा के थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत करकनगुड़ा के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में हो रही है।

करकनगुड़ा के जंगलों में नक्सलियों की बटालियन सप्लाई टीम एवं जगरगुंडा एरिया कमेटी के 30-40 नक्सलियों की मौजूदगी है। जिला पुलिस बल के साथ ही डीआईजी बस्तर फाईटर एवं 206 वाहिनी कोबरा की और से संयुक्त कार्यवाही की जा रही है।

## जम्मू कश्मीर चुनावः मेंढर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम 142 पोलिंग बूथों पर रखी जाएगी पैनी नजर

**पुंछ, 24 सितम्बर [एजेंसी]।**



पुंछ जिले के मेंढर सब डिविजन में 25 सितंबर (बुधवार) को होने वाले मतदान को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशीलता को देखते हुए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को सुचारू और सुरक्षित सम्पन्न कराने के लिए 142 पोलिंग बूथों पर सुरक्षाबलों को तैनात करने का निर्णय लिया है। सुरक्षा बलों की तैनाती का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति को रोकना और वोटरों को सुरक्षित माहौल देना है।

स्थानीय प्रशासन और चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वह बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चुनावों के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए भी विशेष निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि तैनात किए गए जवानों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के चुनाव के लिए सोमवार को चुनाव-प्रचार थम गया है। दूसरे चरण में 26 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। कश्मीर के तीन जिलों की 15 सीट और जम्मू के तीन जिलों की 11 सीट पर वोट डाले जाएंगे।

## तो इस मामले पर हम सरकार के साथ किस फैसले पर CJI चंद्रचूड़ ने जताई रजामंदी

**नईदिल्ली, 24 सितम्बर [एजेंसी]।**



सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने मुंबई के बांद्रा क्षेत्र में बम्बई उच्च न्यायालय के नए परिसर की आधारशिला रखी। इस समारोह में सीएम एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मौजूद रहे। समारोह में सीजेआई ने कहा कि भले ही न्यायपालिका बिल्कुल स्वतंत्र है। हालांकि, अदालत के बजट और इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर कोर्ट सरकार के साथ खड़ी है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, सीजेआई ने कहा, इसमें कोई शक नहीं होना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट्स के न्यायधीश अपना काम पूरी स्वतंत्रता से करते हैं, लेकिन जब भी बात बजट और बुनियादी ढांचे की आती है, तो हम सरकार के साथ खड़े होते हैं।

यह न्यायाधीशों के लिए निजी प्रोजेक्ट्स नहीं है। वहीं, मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि जब भी नए बुनियादी ढांचे या अदालतों के डिजिटलीकरण आदि जैसी किसी अन्य परियोजना की बात आएगी तो सरकार हमेशा न्यायपालिका का समर्थन करेगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर भी जोर दिया और कहा कि सरकार ने महिलाओं के लिए त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली को मजबूत किया है।

## नेता समेत 10 गिरफ्तार, जाली नोटों के कारोबार का पर्दाफाश

**कुशीनगर, 24 सितम्बर [एजेंसी]।**



यूपी के कुशीनगर में जाली नोटों के बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने समाजवादी पार्टी की लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद रफीक खान उर्फ बबलू समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। रफीक खान जालसाजों के गैंग का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। दर्ज शिकायत के मुताबिक उसने नेपाल, यूपी और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में जाली नोटों का नेटवर्क स्थापित किया था। गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों में शामिल नौशाद खान समाजवादी पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का उपाध्यक्ष बताया जा रहा है।

पुलिस ने 5.62 लाख रुपये के जाली नोट, 1.10 लाख रुपये के असली नोट, तीन हजार नेपाली मुद्रा, 10 देसी तमंचा, 4 सुतली बम, 2 नेपाली सिम और 26 फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं। कुशीनगर एसपी संतोष मिश्रा ने बताया, जिले में नकली नोटों का कारोबार करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लाखों के जाली नोट, 1 लाख रुपये से अधिक नकद, 10 देसी तमंचा, 30 गोलियां और 12 खोखा बरामद किया गया, इसके अलावा इनके पास से 4 सुतली बम (पटाखे) भी बरामद किए गए।

आरोपियों के कब्जे से नेपाल की मुद्रा भी बरामद की गई है, हमें जानकारी मिली है कि उनकी नेपाल में भी आवाजाही थी।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में बिहार के सिवान का जितेंद्र यादव, गोपालगंज का मनीष कुमार और कमरुद्दीन समेत चार आरोपी फरार हैं। पुलिस ने दावा किया कि फरार चारों आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कुशीनगर पुलिस ने इस गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम औरंगजेब, मोहम्मद रफी, नौशाद खान, परवेज इलाही उर्फ कौसर अफरीदी, शेख जमालुद्दीन, नियाजउद्दीन उर्फ मुन्ना, रेहान खान उर्फ सद्दाम, हाशिम खान और सिराज हशमती शामिल हैं।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा





### एमपी में मानव तस्करी की आशंका...

## शहडोल में मजदूरों को भरकर लेकर जा रहे मिनी ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

**शहडोल, 24 सितम्बर [एजेंसी]।**



शहडोल में रोजगार की तलाश से पलायन कर रहे मजदूरों को भरकर दूसरे शहर ले जा रहे मिनी ट्रक को सीधी पुलिस ने पकड़ लिया। सोमवार की देर रात 52 मजदूरों के मिनी ट्रक में भरकर सीधी क्षेत्र ग्राम रटगा से बीना लेकर जा रहा था। मानव तस्करी से संबंधित भाजपा जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह ने सीधी पुलिस को इसकी शिकायत भी की थी। ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महुआ टोल व चरहेट में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने आई सांसद व विधायक के समक्ष गांव से अधिक संख्या में मजदूरों के पलायन का मुद्द उठा उठा था। उसे समय भी बताया गया था कि बाहर से आए लोग गाड़ी में भरकर अधिक संख्या में ग्रामीण मजदूरों की तस्करी कर ले जाते हैं।

मजदूरों को ले जाया जा रहा था वह बीना से आया था। वाहन क्रमांक एमपी 13- जीबी-6349 मिनी ट्रक में भरकर मजदूरों को ले जाया जा रहा था। इस वाहन को पुलिस ने पकड़ लिया है। 52 मजदूरों के मिनी ट्रक में भरकर सीधी क्षेत्र ग्राम रटगा से बीना लेकर जा रहा था। मिनी ट्रक, और चालक को पकड़ सीधी पुलिस कर पूछताछ कर रही है।

# जंगल जाकर अब नहीं लाना पड़ेगा घास-फूस पक्का मकान पाकर मंगलू बिरहोर हुआ खुश



कोरबा । बारिश का मौसम आते ही जंगल में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के मंगलू बिरहोर की परेशानी बढ़ जाती थी। वह हर बारिश और तूफान में यही मिन्नते करता था कि हे भगवान...इस बार ज्यादा बारिश न हो..ज्यादा तूफान न चले..ताकि घास-फूस का बना उनका आशियाना सुरक्षित रहे..। अपने आशियाने के उजड़ जाने को लेकर हर साल बारिश और तूफान के मौसम में तनाव में रहने वाले मंगलू बिरहोर ने ऐसे कई साल कठिनाइयों में भी गुजारे..क्योंकि बारिश और तूफानों के आगे उनकी मिन्नते काम न आई। तेज बारिश से घर का कोना-कोना भीगता रहा तो कभी तेज हवाओं से घास-फूस से बने घर की छत उजड़ते रहे और वह हर बार जंगल जाता और घासफूस लाकर बहुत ही संघर्ष से अपना आशियाना बनाता रहा। साल दर साल वह सिर्फ वह मेहनत मजदूरी से घर का खर्च चलाने रुपये ही जुटा पाया लेकिन अपने मकान को खपरैल वाले एक अच्छे घर में भी तब्दील नहीं कर पाया। उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन वह पक्के मकान में भी रहेगा, लेकिन अब जब पीएम जनमन से पक्का मकान बनकर तैयार हो गया है और मंगलू परिवार सहित उसमे रहने लगा है तो उनका और उनके परिवार की खुशियां पक्के मकान के भीतर से लेकर जंगल तक नजर आने लगी है।

विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा प्राप्त सरंक्षित जनजाति, जिनका मुख्यत: निवास शहर से दूर पहाड़ों, वनांचलों में मिट्टी, खपरैल व घास फूस से बना होता है, जो सामाजिक व आर्थिक रूप से इतने सशक्त नहीं है कि वे अपने लिए पक्की छत की व्यवस्था कर सकें, रोजी मजदूरी करके जीवन यापन करने वाले ऐसे समुदाय के लोग केवल अपना गुजारा ही कर पाते है, परंतु पक्के आवास निर्माण की सोच में ही उनकी पूरी उम्र गुजर जाती है। योजनांतर्गत पाली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भण्डारखोल में निवासरत बिरहोर जनजाति के मंगलू राम के पक्के आवास का सपना सच हुआ है। मंगलू को अब तेज आंधी तूफान में छत के उड़ जाने, बारिश में पानी टपकने या दीवारों के ढहने का डर नहीं रहता, न ही उसे जहरीले सांप और बिच्छू के घर में घुसने का चिंता रही। अब वह अपनी माँ और बीवी बच्चों के साथ निश्चिंत होकर नए घर मे जीवन निर्वाह कर रहा है। मंगलू ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए पीएम जनमन आवास योजना बहुत ही फायदेमंद है। योजना से उनके जैसे अनेक पिछड़े परिवारों का खुद के पक्के घर का सपना पूरा हो रहा है।

मंगलू राम ने बताया कि वर्ष 2023-24 में आवास निर्माण की स्वीकृति मिलने के साथ ही उसने उत्साहपूर्वक घर बनाने का काम प्रारंभ किया, काम आगे बढ़ने के साथ ही किश्त की राशि भी उसके खाते में समय-समय पर आती रही। देखते ही देखते उसका आवास पूर्ण हो गया एवं अब उनका परिवार अपने नए घर में खुशी-खुशी रह रहे हैं।

मंगलू राम ने बताया कि पीएम आवास बनने के बाद उसके जीवन स्तर में सुधार के साथ ही उसके बेहतर जिंदगी गुजारने का सपना साकार हुआ है। साथ ही वह सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ लेकर उसका परिवार आर्थिक रूप से मजबूत बन रहा है और अपने अच्छे भविष्य के लिए आशावान है। मंगलू राम ने आर्थिक रूप से कमजोर समुदाय के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर उनके सामाजिक उत्थान के लिए चलाए जा रहे इन कल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।



## खेल-खेल में पोषण ज्ञान को केन्द्रित करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया गया पोषण माह

कोरबा। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का प्रमुख कार्यक्रम 'पोषण भी पढ़ाई भी' मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 का प्रमुख घटक है जिसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों को पोषण के साथ-साथ शिक्षा प्रदान करने वाले केन्द्र के रूप में बदलना है। उक्त थीम के तहत जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में विविध गतिविधियों का आयोजन हुआ। केन्द्रों में खेल-खेल में पोषण ज्ञान को मुख्य उद्देश्य के रूप में केन्द्रित किया गया। जिसके तहत समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रारम्भिक बाल्यावस्था और शिक्षा गतिविधियां जैसे फल-सब्जी, फैंसी ड्रैस, चित्र देखकर पहचानना, खिलौना निर्माण, कहानी सुनाना, पालक मेला, खेल कूद गतिविधियां जैसे रस्सी का खेल, कम ज्यादा पहचान, माला बनाना, किसकी आवाज है पहचान, दूर-पास पहचान, गेंद से खेल, छोटा बड़ा पहचान, बकरी और शियार खेल, पालकों द्वारा स्थानीय खेल खिलाना इत्यादि का आयोजन किया गया। साथ ही स्कूल शिक्षा एवं आदिमजाति कल्याण विभाग के साथ समन्वय कर पोषण के साथ-साथ सीखने के केन्द्र के रूप में दर्शाने हेतु पोस्टर, स्लोगन, बैनर इत्यादि के माध्यम से भी थीम का प्रचार-प्रसार किया गया।

संयुक्त संचालक ने किया आंगनबाड़ी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण - संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग श्री दिलदार सिंह मरावी द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली सेक्टर बकसाही अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बस्तीपारा तथा पोंड़ीउपरोड़ा सेक्टर अंतर्गत घरीपखना के ग्राम पंचायत रामपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर बच्चों के वजन एवं ऊंचाई का सत्यापन किया गया। उनके द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधियों से आंगनबाड़ी सेवाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए हितग्राहियों से पोषण आहार के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही रेडी टू ईट के लाभ, कुपोषण एनीमिया रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं को वजन की सही ऑनलाईन एंट्री करने हेतु निर्देशित किया गया।

# पात्र दिव्यांगों को प्रदान करें ट्राइसाइकल:कलेक्टर



कोरबा । कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनदर्शन में पेंशन, वनाधिकार पट्टा, बकरी पालन, रेत उत्खनन पर कार्यवाही, प्रधानमंत्री आवास की मांग, भूमि संबंधी विवाद का निराकरण, मुआवजा, अतिक्रमण हटाने, ट्राइसाइकल वितरण, सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित किया और जांच कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 118 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में ट्राइसाइकल संबंधी आवेदन प्राप्त होने पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग की उप संचालक को निर्देशित किया कि दिव्यांगों से प्राप्त ट्राइसाइकल संबंधित सभी आवेदनों का परीक्षण कर पात्रतानुसार सूची बनाएं और आगामी दिवसों में पात्र हितग्राहियों को ट्राइसाइकल का वितरण सुनिश्चित करें। प्राप्त आवेदनों में ग्राम ढोलपुर में नवीन धान उपार्जन केंद्र खोलने, खुशी स्वसहायता समूह बरपाली द्वारा वर्मी कम्पोस्ट की राशि का भुगतान करने, ग्राम पुरेना की घसनीन बाई द्वारा अनुकंपा नौकरी पश्चात् पुत्र द्वारा भरण-पोषण राशि नहीं देने एवं देख-रेख नहीं करने की शिकायत करते हुए पुत्र को नौकरी से निलंबित करने तथा भरण-पोषण की राशि दिलाने की।

जनदर्शन में ग्राम तुमान के भाटापारा में सोन नदी पर पुल निर्माण की मांग, खरमोरा की राजकुमारी द्वारा जमीन अपने नाम पर कराने, ग्राम कोनकोना में डिप्टी रेंजर द्वारा वनभूमि पर अतिक्रमण करने, ग्राम कटोरी नगोई में रेल्वे लाइन में पुलिया निर्माण, चीतापाली के हरिश कुमार द्वारा अनुकंपा नियुक्ति, सेवानिवृत्त श्री मंगलूराम द्वारा वेतन वृद्धि की अंतराल राशि दिलाने की मांग, ग्राम बेहरचुआं करतला में अवैध शराब की भट्ठी संचालित होने और उसका निराकरण करने, दीपका के अभिनंदन सिंह द्वारा नकल नहीं दिए जाने की शिकायत की गई। जनदर्शन में सरपंच-सचिव द्वारा अनियमितता की शिकायत, चैतमा में ही आदिम जाति विभाग की भूमि पर अतिक्रमण होने, प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति छात्रावास गोढ़ी के संबंध में शिकायत, मुड़ापार की वृद्धा नजहत आयना द्वारा प्रताड़ना की शिकायत, ग्राम बगदेवा-अमरपुर के निवासियों द्वारा एसईसीएल अंतर्गत खनन/ब्लास्टिंग रोकने तथा रजिस्ट्री एवं खाता विभाजन पर लगी रोक हटाने के संबंध में आवेदन दिया। जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए ग्रामीणों एवं आम नागरिकों ने आवेदन दिए। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर निराकरण के निर्देश दिए हैं। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में 30 सितंबर तक मनाया जाएगा आयुष्मान पखवाड़ा




कोरबा । आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजनातर्गत् शासन के निर्देशानुसार जिले के समस्त विकासखण्डो में 30 सितंबर 2024 तक आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जाएगा। पखवाड़े के दौरान छुटे हुए हितग्राहियो का आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता के संबध में लाभार्थियों का अनुभव साझा किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले में कुल 11,76,716 लक्ष्य के विरूद्ध 1,05,753 हितग्राहियो का आयुष्मान कार्ड जारी किया जा चुका है। जिले में जनवरी 2024 से अगस्त 2024 तक कुल 35,713 हितग्राहियो के द्वारा कुल राशि 49 करोड़ 69 लाख तक का नि:शुल्क इलाज प्राप्त किया गया है। आयुष्मान योजनांतर्गत् पंजीकृत निजी एवं शासकीय चिकित्सालयों और जिला स्तरीय पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य शिविर एवं आयुष्मान कार्ड पंजीयन का कार्य समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु राशन कार्ड एवं आधार कार्ड के साथ शिविर स्थल में उपस्थित होकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा सकता है। जिससे हितग्राही पात्रतानुसार 50 हजार एवं 5 लाख तक नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड से वंचित शेष हितग्राहियों से शीघ्र आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की गई है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी का शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 104/14555 पर सम्पर्क कर सकते है।

## कटघोरा-दर्री मार्ग पर स्थित बेलगिरी नाला पुल में लगेगा रेलिंग

### डीएमएफ से कलेक्टर ने स्वीकृत की राशि

कोरबा । जिला खनिज संस्थान न्यास मद से कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कोरबा दर्री कटघोरा मार्ग पर स्थित बेलगिरी नाला पुल में विशेष मरम्मत कार्य एवं रेलिंग सहित अन्य कार्य के लिए 03 लाख 56 हजार 765 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। दर्री-कटघोरा मार्ग पर स्थित बेलगिरी नाला पुल में रेलिंग का अभाव होने से आए दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पुल पर रेलिंग सहित अन्य मरम्मत कार्य की आवश्यकता महसूस की जा रही थी जिसे कलेक्टर ने संज्ञान में लेकर डीएमएफ से प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। पुल में मरम्मत कार्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा की जाएगी।

# रानी धनराज कुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के लिए डीएमएफ से लगेंगे लिफ्ट

### कलेक्टर ने दी प्रशासकीय स्वीकृति

कोरबा । जिला खनिज न्यास संस्थान मद से कोरबा शहर के रानी धनराज कुंवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लिफ्ट लगाई जाएगी। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने इसकी प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। लिफ्ट हेतु 23 लाख 36 हजार 900 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लिफ्ट लगाने का कार्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (विद्युत एवं यांत्रिकी) द्वारा किया जाएगा। शहर के मध्य में स्थित रानी धनराज कुंवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का गत दिनों कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया था। इस दौरान उपचार कराने आने वाले मरीजों को उपरी तल पर जाने के लिए सीढ़ियों के सहारे जाने से परेशानी उठाने की बात सामने आई थी। मरीजों को उपचार हेतु सीढियां चढ़ने में होने वाली परेशानी को देखते हुए कलेक्टर के समक्ष अस्पताल प्रबंधन ने लिफ्ट की मांग रखी थी। कलेक्टर द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लिफ्ट लगाने की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किए जाने पर अब आने वाले दिनों में मरीजों को सीढ़ियां नहीं चढ़नी पड़ेगी। लिफ्ट की क्षमता 13 व्यक्तियों को लाने-ले जाने की होगी।



## अग्रसेन जयंती के अवसर पर विभिन्न खेल स्पर्धा का आज शुभारंभ

जमनीपाली। अग्रसेन जयंती के अवसर पर उपनगरीय क्षेत्र जमनीपाली में विभिन्न खेल स्पर्धा का आज शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के अवसर पर सर्वप्रथम अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष बैद्यनाथ अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, सचिव मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सत्यभामा देवी, मडवाडी युवा मंच के अध्यक्ष व पदाधिकारी, महिला जागृति शाखा की अध्यक्ष श्रीमती वर्षा देवी एवं अन्य पदाधिकारियों ने महाराजा अग्रसेन भगवान के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात् मडवाडी युवा मंच, अग्रवाल महिला मंडल तथा महिला जागृति शाखा के पदाधिकारियों ने खेल प्रतियोगिता को प्रारंभ कराया। आज के स्पर्धा में मेमोरी गेम, चुडी का खेल, रंग भरो, चित्रकला, जोडी बनाओ, व्यंजन बनाओ, स्लो साइकल रेस, एवं रिंग सेरेमनी, ट्रे सजाओ स्पर्धा कराया गया। इस सभी प्रतियोगिता में अग्रवाल समाज जमनीपाली, दर्री, जैलगांव, स्याहीमुडी, सुमेधा, आदि के अग्र बंधुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

### ग्राम पंचायत अमगांव के विस्थापन के संबंध में दावा आपत्ति आमंत्रित

कोरबा । राज्य शासन की अधिसूचना क्रमांक बी-1-11-95 -बाईस-पं -2-भाग 04 दिनांक 23 फरवरी, 1999 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ग्राम पंचायत अमगांव को एस.ई.सी.एल दीपका विस्तार परियोजना द्वारा अधिग्रहित किये जाने के फलस्वरूप आगामी 06 माह में उक्त ग्राम वीरान हो जायेगा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 126 की उपधारा (2) के अंतर्गत उक्त ग्राम पंचायत को एतद् द्वारा विस्थापित (डिसइस्टैब्लिशमेंट) किया जाना है। जिस किसी भी व्यक्ति को विस्थापन के संबंध में किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो, अधिसूचना जारी होने की तिथि से सात दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर जिला कोरबा में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्कूली छात्रों ने कचरे से बनाए आकर्षक मॉडल

### स्वच्छता शपथ लेकर विद्यार्थियों ने निकाली स्वच्छता रैली



कोरबा । स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले के विद्यालयों में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिससे साफ सफाई के साथ ही स्कूली छात्र-छात्राएं नागरिकों को स्वच्छता प्रेरणा दे रहे हैं।शासकीय माध्यमिक शाला पाथा के छात्र छात्राओं ने बेकार सामान,कचड़े से सुसज्जित आकर्षक उपयोगी मॉडल-गुलदस्ते, पेन स्टेंड, खिलौने आदि बनाकर स्वछता सन्देश दिया. इसके साथ ही ग्राम पंचायत सलोरा क के स्कूली छात्र छात्राओं को उचित तरीके से विभिन्न चरणों में हाथ धुलाई करा के स्वछता की सीख दी गई।शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला बोड़ानाला के छात्र छात्राओं के द्वारा विद्यालय परिसर में साफ सफाई की गई तथा छात्र छात्राओं ने सामुहिक रूप से स्वछता शपथ ली। इसके साथ ही छात्र छात्राओं ने स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वछता के तारतम्य में स्वच्छता जागरूकता का सन्देश देकर ग्राम भिलाई बाजार में सामुहिक रैली निकाली।

# ग्राम पंचायत मलगांव एवं चैनपुर के विस्थापन के संबंध में दावा आपत्ति आमंत्रित

कोरबा । राज्य शासन की अधिसूचना क्रमांक बी-1-11-95-बाईस-पं - 2-भाग 04 दिनांक 23 फरवरी, 1999 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ग्राम पंचायत मलगांव तथा इसके आश्रित ग्राम झिंगटपुर को एसईसीएल दीपका विस्तार परियोजना द्वारा अधिग्रहित किये जाने के फलस्वरूप आगामी 06 माह में उक्त ग्राम पंचायत वीरान हो जाएगा।छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 126 की उपधारा (2) के अंतर्गत उक्त ग्राम पंचायत एवं ग्राम को एतद् द्वारा विस्थापित ( डिसइस्टैब्लिशमेंट) किया जाना है। जिस किसी भी व्यक्ति को विस्थापन के संबंध में किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो, अधिसूचना जारी होने की तिथि से सात दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर जिला कोरबा में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा । इसी तरह राज्य शासन की अधिसूचना क्रमांक बी-1-11-95-बाईस- पं-2-भाग 04 दिनांक 23 फरवरी, 1999 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ग्राम पंचायत चैनपुर के आश्रित ग्राम सुवाभोंड़ी को एस. ई. सी. एल दीपका विस्तार परियोजना द्वारा अधिग्रहित किये जाने के फलस्वरूप आगामी 06 माह में उक्त ग्राम वीरान हो जायेगा।छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 126 की उपधारा (2) के अंतर्गत उक्त ग्राम को एतद् द्वारा विस्थापित (डिसइस्टैब्लिशमेंट) किया जाना है। जिस किसी भी व्यक्ति को विस्थापन के संबंध में किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो, अधिसूचना जारी होने की तिथि से सात दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर जिला कोरबा में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा ।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों की बैठक 26 को

कोरबा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सह प्रभारी श्रीमती जरिता लैतफलांग दिनांक 24 सितंबर से 26 सितंबर तक तीन दिवसीय दौरे पर कोरबा प्रवास पर आ रही है। इस अवसर पर कोरबा जिला प्रभारी एवं संयुक्त महामंत्री देवेन्द्र सिंह भी साथ रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने बताया कि प्रदेश सह प्रभारी श्रीमती जरिता लैतफलांग दिनांक 24 सितंबर को प्रात: 11.30 बजे मरवाही विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक लेने के बाद संध्या 03 बजे के आसपास कोरबा पहुचेंगी। कोरबा में पंचवटी विश्राम गृह में रात्रि विश्राम कर 25 सितंबर को प्रात: 10 बजे पाली-तानाखार, कटघोरा एवं रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों की जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में आयोजित बैठक को संबोधित करेंगी तथा आवश्यक दिशा निर्देश देगी। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान ने बताया कि 26 सितंबर को प्रात: 10 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय टी.पी. नगर में कोरबा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों की बैठक लेगी।

श्रीमती सपना चौहान एवं सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने 25 सितंबर को कोरबा ग्रामीण क्षेत्र के तीनों विधानसभा पाली, रायपुर व कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों को तथा 26 सितंबर को कोरबा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस परिवार को जिसमें ब्लॉक, जोन, वार्ड, बुथ, पदाधिकारी, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, इंटक सहित कांग्रेस के विभिन्न विभाग, प्रकोष्ठ व मोर्चा संगठन के समस्त पदाधिकारियों को समय उपस्थित होने आग्रह किया है।

# तृतीय हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत में 9096 प्रकरणों का हुआ मौके पर तत्काल निराकरण

कोरबा। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन जीने तथा जरूरतों को पूरा करने के लिए पैसों की आवश्यकता होती है, ऐसे में वृद्ध जन जो शारीरिक रूप से कमजोर हो चुके है, वे मजबूरन बुढापे में अपने बच्चों पर निर्भर करने लगते है। भुगतान न केवल कानूनी अधिकार है, बल्कि बच्चों/परिजनों पर लगाया गया एक सामाजिक और नैतिक दायित्व भी है। ऐसे ही घटना जिला न्यायालय कोरबा के माननीय न्यायालय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय कोरबा में विचाराधीन था, उक्त प्ररकण में आवेदिका जो अनावेदक की वृद्ध माता है,के द्वारा मान. न्यायालय में दिए आवेदन के अनुसार सन् 2010 में अपने पति के मृत्यु के पश्चात एस.ई.सी.एल. विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदिका ने अपने अनावेदक पुत्र को नामित किया तथा अनावेदक को नौकरी मिल जाने पर आवेदिका तथा उनकी तीन पुत्रियां साथ में रहने लगे। कुछ समय पश्चात नौकरी मिल जाने के बाद अनावेदक रोज शराब पीकर गाली-गलौच एवं मारपीट करने लगा तथा समय के साथ आवेदिका के द्वारा कई बार थाने में शिकायत दर्ज की गई परंतु थाने से समझाईश दिए जाने तथा कठोर कार्यवाही नहीं किए जाने पर अनावेदक का हौसला बुलंद हो चला तथा आवेदिका को उचित भरण-पोषण नहीं देने तथा ईलाज हेतु मेडिकल कार्ड में ईलाज हेतु सहमति नहीं देना जैसे प्रताडना देकर मानसिक, आर्थिक एवं शारीरिक रूप से प्रताडित करने लगा। प्रताडना से तंग आकर आवेदिका ने घर छोड दिया तथा अपनी बहन के घर रहने लगी। जिस कारण आवेदिका ने मान. न्यायालय के समक्ष अंतर्गत धारा 144 बी.एन.एस.एस. वास्त भरण-पोषण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें हाइब्रीड नेशनल लोक अदालत का लाभ लेते हुए आवेदकगण ने 150000/- रूपये बिना किसी डर-दबाव के भरण-पोषण प्रदाय किए जाने हेतु राजीनामा किया जिसे अनावेदक आवेदिका के बैंक खाते में प्रत्येक माह के 10 तारीख तक सीधे जमा किए जाने अथवा भुगतान किए जाने का निर्देश दिया गया इस प्रकार बेसहारा परिवारजनों को जीवन जीने का एक सहारा नेशनल लोक अदालत ने प्रदान किया।

## अनमोल वचन......

**भगवान ने सिर्फ दो ही रास्ते दिए हैं। या तो देकर जाइएया फिर छोड़कर जाइए।**

# सड़क यात्रा जोखिम भरी, रोज 432 मौतें

भारत में औसतन हर घंटे 53 सड़क हादसे होते हैं और उनमें 18 लोगों की जान जाती है- यानी रोज 432 मौतें। कुल जितनी दुर्घटनाएं होती हैं, उनमें 45 प्रतिशत में दो पहिया वाहन शामिल रहते हैं। भारत में सड़क यात्रा जोखिम भरी है, यह कोई रहस्य नहीं है। हर साल आने वाले आंकड़े इस बारे में चिंता बढ़ाते हैं, लेकिन उन आंकड़ों की चर्चा थमते ही सब कुछ जैसे को तैसा चलता रहता है। इसलिए परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के इस बारे में चिंता जताने से भी सूरत बदलेगी, इसकी आशा शायद ही किसी को होगी। भारत की छवि आज यह है कि यहां ऑटो उद्योग का तेजी से विकास हुआ है, लेकिन साथ ही भारत उन देशों में बना हुआ है, जहां सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें होती है।

गडकरी भारतीय ऑटोमोबिल निर्माता संघ के वार्षिक सम्मेलन में गए, तो वहां उन्होंने कंपनियों के कर्ता-धर्ताओं को अपनी चिंता बताई। जिक्र किया कि भारत में औसतन हर घंटे 53 सड़क हादसे होते हैं और 18 लोगों की जान जाती है- यानी रोज 432 मौतें। गडकरी ने बताया कि कुल जितनी दुर्घटनाएं होती हैं, उनमें 45 प्रतिशत में दो पहिया वाहन शामिल रहते हैं। उनके अलावा पैदल चलने वाले लोग लगभग 20 प्रतिशत दुर्घटनाओं के शिकार बनते हैं। यानी मौतों के मामले में देखें, तो निम्न मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोग इनकी चपेट में ज्यादा आते हैं। उन मौतों के बाद पीड़ित परिवारों पर क्या गुजरती है, यह एक अलग दुखद दास्तां है। लेकिन समाधान क्या है। गडकरी ने कंपनी अधिकारियों से कहा कि उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग सिखाने वाले स्कूल अधिक से अधिक संख्या में खोलने चाहिए। जाहिर है, यह एक सदिच्छा ही है।

वैसे हादसों का एक बड़ा कारण सड़कों का असुरक्षित निर्माण भी है। स्पष्टत~ इसकी जवाबदेही सरकार पर आती है। गडकरी ने कहा कि सड़कों की गुणवत्ता सुधारने के लिए सरकार पहल कर रही है। लेकिन वो पहल कम जमीन पर उतरेगी और कब उसके सकारात्मक लाभ दिखेंगे, इस बारे में परिवहन मंत्री चुप ही रहे। यही समस्या है। गंभीर मसलों के लिए दूसरों की जिम्मेदारी का जिक्र हमारी राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा बन चुका है। जब बात अपने दायित्व पर आती है, अक्सर अधिकारी सामान्य बातें कह कर निकल जाते हैं। जब तक इससे उबरा नहीं जाता, भारत की सड़कें इसी तरह जानलेवा बनी रहेंगी।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने विचारों के साथ-साथ दूसरे लोगों के विचारों पर भी गौर देने की जरूरत है। आय के साधन बढ़ने के साथ-साथ खर्चों की भी अधिकता बनी रहेगी। बाहरी व्यक्तियों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ना होने दें।

**वृष राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप अपने संपर्क में आने आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे। विचारों में स्थिरता और दृढ़ता रहने से आप अपने कार्यों को अच्छी तरह कर पाएंगे। शुभचिंतकों का भी भरपूर साथ मिलेगा। सामाजिक रुप से मान-प्रतिष्ठा बनी रहेगी। आज दूसरों पर विश्वास न करें, इसका असर आपके कार्यक्षेत्र में पड़ सकता है। अपनी बेहतर प्रतिभा को दिखाते हुए अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने की कोशिश करें। इस राशि के जो लोग इलेक्ट्रानिक सामान का व्यापार करते है।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज किसी कंपनी से नये जॉब के लिए कॉल आ सकती है। साथ ही किसी नये कोर्स को ज्वॉइन करने के लिए आज का दिन शुभ है। आज जल्दबाजी की बजाए शांति और धैर्य पूर्ण तरीके से कामों को अंजाम देना आपके काम को ज्यादा सुगम बनाएगा।

**कर्क राशिः** आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। अगर आज नये बिजनेस की शुरुआत करने की सोच रहें है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है। जीवनसाथी के सहयोग से आपको किसी बड़े काम में सफलता मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आज अपनी व्यावसायिक कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करें, साथ ही अपने जनसंपर्क को भी मजबूत करने में कुछ समय बिताएंगे। अगर कहीं पैसा फंसा हुआ है तो आज आपको उसका कुछ हिस्सा मिल सकता है।

**सिंह राशिः** आज उन चीजों को महत्व दें जो सच में आपके लिए महत्वपूर्ण हैं तो आपके लिए अच्छी साबित हो सकती हैं। आपको अपने दोस्तों और काम के बीच संतुलन बनाकर रखना होगा। जिससे आपको ज्यादा से ज्यादा काम करने का समय मिल सके। कोई सोचा हुआ कार्य समय पर पूरा होने से आप अपने अंदर ऊर्जा और आत्मविश्वास महसूस करेंगे। संतान की भी किसी उपलब्धि से सुकून व खुशी महसूस होगी। आज अपने काम खुद ही करें और निवेश संबंधी गतिविधियों में भी जल्दबाजी न करें।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन खास रहेगा। आज रास्ते में जाते समय आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है जिसका फायदा आपको भविष्य में अवश्य मिलेगा। असमंजस की स्थिति में परिवार वालों की सलाह लेना अच्छा रहेगा। इस समय मार्केटिंग संबंधी कार्यों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। दांपत्य जीवन सुखद और मधुरता पूर्ण रहेगा। आपकी दोस्ती में और अधिक नजदीकियां आएंगी।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। किसी काम को करने में आज आपके सामने कई बड़ी चुनौतियां आएंगी। जिसे आप धैर्य के साथ सॉल्व कर लेंगे। आज सोसाइटी में आपको अपनी कार्यशीलता के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

**वृश्चिक राशिः** आज पूरान विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाऐंगे। आपके इस विचार को देखकर परिवार का मन उत्साह से भर जाऐगा। साथ ही आज घर पर अपना मनपसंद खाना खा सकते है। अध्यात्म और धर्म कर्म के कार्यों में भी रुचि बढ़ेगी। और जीवन से जुड़ी किसी उलझन का भी समाधान मिलेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। इस राशि के बिजनेसमैन आज किसी जरुरी काम से विदेश की यात्रा कर सकते है। यात्रा लाभदायक होगी। कारोबारी मामलों में बहुत सावधानी रखने की जरूरत है। अभी कार्यों की गति मध्यम ही रहेगी। धैर्य और संयम से मुश्किल समय निकल जाएगा। पार्टनरशिप संबंधी व्यवसाय में पारदर्शिता बनाए रखने से अच्छा प्रबंधन बना रहेगा। इस राशि के प्रोफेसर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन राहत से भरा रहेगा। आर्थिक स्थिति में आज सुधार आएगा। समय का उचित सदुपयोग करें। सामाजिक और सोसाइटी संबंधी गतिविधियों में आपके विचारों को विशेष प्राथमिकता मिलेगी। युवाओं को कोई मन मुताबिक कार्य बनने से सुकून मिलेगा। आज आपको अपने जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार बदलने की जरुरत पड़ सकती है।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन लेना आपके लिए सहायक रहेगा। किसी विदेशी कम्पनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। घर का माहौल सुखद और शांतिपूर्ण बना रहेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी और मधुर यादें भी ताजा होंगी। कानूनी मामले में आपको थोड़ी राहत मिल सकती है।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। बिजनेस में आपको फायदा मिलने वाला है। किसी पुराने उधार दिया हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आज स्वास्थ्य आपका पहले से बेहतर रहेगा। दिन की शुरुआत कुछ व्यस्तता वाली रह सकती है लेकिन अंत में परिणाम बेहतर ही हासिल होंगे।

# एक के बाद एक नेता प्रतिपक्ष को धमकियां

//शकील अख्तर//

**देश के प्रधानमंत्री खामोश हैं। पूरी दुनिया का मीडिया चिन्ता व्यक्त कर रहा है कि भारत जिसके प्रधानमंत्री विदेश में आकर बुद्ध का देश कहते हैं, शांति का संदेश देने वाले का देश वहां नेता प्रतिपक्ष को सत्ता पक्ष की तरफ से जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। एक के बाद एक कई नेताओं द्वारा। जिनमें एक केन्द्रीय मंत्री भी है। और जब इसके बारे में एक पत्रकार गृह मंत्री अमित शाह से सवाल पूछना चाहते हैं तो वे सवाल पूछने वाले को डराते हैं। कहते हैं कि ऐसे सवाल मत पूछो। समझते नहीं हो। चुप रहो। और प्रधानमंत्री को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जब इस बारे में पत्र लिखते हैं तो उसका कोई नोटिस नहीं लिया जाता।**

प्रधानमंत्री मोदी कह रहे हैं कि उनका मजाक उड़ाया गया। इन सौ दिनों से पहले चुनाव प्रचार में कह रहे थे कि उन्हें सौ गालियां दी गईं। इससे पहले पंजाब में पुलिस से कह रहे थे कि अपने मुख्यमंत्री से कह देना कि मैं जिन्दा वापस जा रहा हूं। देश के प्रधानमंत्री सिर्फ खुद के बारे बातें करते हैं। इस बात पर आंख कान बंद कर लेते है कि प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी को उनकी पार्टी के और सहयोगी पार्टी के नेता उनकी सरकार के मंत्री जान से मारने की बात कर रहे हैं।

भयानक ! देश में पहले कभी ऐसा हुआ कि सत्ता पक्ष के लोग विपक्ष के नेता को जान से मारने की धमकी दे रहे हों, जबान काटने पर इनाम की घोषणा कर रहे हों। आतंकवादी कह रहे हों। यह माब लीचिंग का माहौल बनाना है। लोगों को भड़काने के लिए एक साजिश के तहत दिए जा रहे बयान। इस परिवार के दो लोगों की जो प्रधानमंत्री थे, हत्या की जा चुकी है। और वृहतर कांग्रेस परिवार को देखा जाए तो तीन लोगों की जिनमें महात्मा गांधी शामिल थे।देश के प्रधानमंत्री खामोश हैं। पूरी दुनिया का मीडिया चिन्ता व्यक्त कर रहा है कि भारत जिसके प्रधानमंत्री विदेश में आकर बुद्ध का देश कहते हैं, शांति का संदेश देने वाले का देश वहां नेता प्रतिपक्ष को सत्ता पक्ष की तरफ से जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। एक के बाद एक कई नेताओं द्वारा। जिनमें एक केन्द्रीय मंत्री भी है। और जब इसके बारे में एक पत्रकार गृह मंत्री अमित शाह से सवाल पूछना चाहते हैं तो वे सवाल पूछने वाले को डराते हैं। कहते हैं कि ऐसे सवाल मत पूछो। समझते नहीं हो। चुप रहो।और प्रधानमंत्री को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जब इस बारे में पत्र लिखते हैं तो उसका कोई नोटिस नहीं लिया जाता।आपको पीछे लिए चलते हैं। सरदार पटेल की तरफ। भाजपा बहुत याद करती है उनको। उन्होंने लिखा था महात्मा गांधी का हत्या के पहले कांग्रेस का विरोध करके और वह भी इस कठोरता से कि न अस्तित्व का ख्याल, न सभ्यता व शिष्टता का ध्यान रखा जनता में एक प्रकार की बैचेनी पैदा कर दी थी। सांप्रदायिक विष से भरी स्पीचेज कीं। उस जहर का फल अंत में यही हुआ कि गांधी जी की अमूल्य जान की कुर्बानी देश को सहना पड़ी। ÷जी हां यह लिखा था देश के गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस के संघ चालक गुरू गोलवलकर के उस पत्र के जवाब में जिसमें वे गांधी की हत्या के मामले में सफाइयां दे रहे थे। ये सारे पत्र हिस्टोरिक डाक्यूमेंट आफ गुरुजी ङ्क गर्वमेंन्ट करसपान्डेंस ' में संग्रहित है।तो सरदार पटेल के इस पत्र से साफ होता है कि महात्मा गांधी की हत्या से पहले भी ऐसा भी विषाक्त माहौल बनाया गया था। सरदार पटेल ने 19 सितंबर 1948 मतलब आज से जब आप यह पढ़ रहे हैं ठीक 76 साल पहले गोलवलकर के पत्र के जवाब में लिखा कि सरकार और जनता की जरा भी सहानुभूति आरएसएस के साथ नहीं रही, बल्कि उनके खिलाफ हो गई। महात्मा गांधी की हत्या पर आरएसएस ने जो हर्ष प्रकट किया तथा मिठाई बांटी उससे यह विरोध और बढ़ गया। यह सारा इतिहास याद दिलाया जाना इसलिए जरूरी है कि सिर्फ महात्मा गांधी की हत्या से पहले ही नहीं इन्दिरा गांधी की हत्या के पहले भी ऐसा ही माहौल बनाया गया था। अभी पंजाब के मुख्यमंत्री रहे चरणजीत सिंह चन्नी और वहां विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने दिल्ली में की एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि स्वर्ण मंदिर में सेना भेजने के लिए भी आरएसएस ने दबाव बनाया था। उन्होंने आडवानी का नाम लेकर कहा कि उन्होंने यह स्वीकार किया है। और खतरनाक बात यह है कि एक तरफ सेना भेजने का दबाव बनाया और फिर इसके लिए प्रधानमंत्री इन्दिरा को शत्रु की तरह आरोपित करके उनके खिलाफ माहौल बनाया गया। इन्दिरा की हत्या भी उनके खिलाफ बनाए विषाक्त माहौल का परिणाम थी।राजीव गांधी की एसपीजी सुरक्षा वापस ले ली गई थी। परिणाम उनकी हत्या। वीपी सिंह सरकार ने जिसका बीजेपी समर्थन कर रही थी 1989 में राजीव की सुरक्षा से खिलवाड़ किया।

अब ऐसा ही राहुल गांधी की सुरक्षा के साथ हो रहा है। उनकी एसपीजी की सुरक्षा भी वापस ले ली गई। केन्द्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, एक भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश के मंत्री रघुराज सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी के विधायक संजय गायकवाड़ और भाजपा नेता तरविन्दर सिंह मारवाह उन्हें खुले आम जबान काटने पर इनाम, जान से मारने की धमकी और आतंकवादी तक कह रहे हैं। और सरकार की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं। कांग्रेस ने दिल्ली सहित कई राज्यों में लिखित तहरीर दी। मगर कोई एक्शन नहीं।क्या है यह। इतने गंभीर मामले में भी प्रधानमंत्री मौन ! मनमोहन सिंह को कहते थे। वे तो मौन नहीं रहे। लोकसभा में जब योगी आदित्यनाथ ने रोते हुए अपनी जान को खतरा बताया था तो केवल उस समय के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ही नहीं, आसन पर बैठे लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी, यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी सबने उन्हें सुरक्षा का विश्वास दिलाया था।ऐसी होती हैं सरकारें। यह नहीं कि उनके मंत्री नेता धमकियां दें और वे आपराधिक खामोशी ओढ़े रहें। जी हां यह आपराधिक खामोशी है। अपराध की खबर मिलने, अपराध किए जाने की सुचना के बाद भी कुछ नहीं करना अपराध में शामिल होना माना जाता है। और यह सिर्फ फौजदारी कानून के अपराध की बात नहीं है। बल्कि एक असफल स्टेट की निशानी है। असफल स्टेट अभी तक हम पाकिस्तान को कहते रहे। एक असफल राज्य जिसका अपने देश पर कोई नियंत्रण नहीं है।मंगलवार को ही सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को दूसरे प्रसंग में कहा। उसने कहा कि यह बुलडोजर संविधान पर हमला हैं। और उसका महिमामंडन उससे भी ज्यादा खतरनाक बात। कानून व्यवस्था को ध्वस्त कर देना। उसने इसके विध्वंस के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी। बुलडोजर निर्माण कार्यों में आने के लिए बना। मगर उसे विध्वंस और उसे भी शान का प्रतीक बना दिया। रावण के अट्टहास की तरह। खैर वह एक अलग विषय है। मगर मूल एक ही है संविधान, कानून व्यवस्था, नियम, लोकतंत्र किसी की परवाह किए बिना अपनी शक्ति का प्रदर्शन। व्यक्ति की शक्ति। और यही असफल स्टेट की निशानी है। असफल राज्य और गर्वोन्मत शासक ! मैं जो चाहे करूं। मेरी मर्जी !मगर दुनिया बहुत बड़ी है। अभी अमेरिका जा रहे हैं। वहां किसी ने पूछ लिया तो जवाब देते नहीं बनेगा। यहां के मीडिया से कहा जाएगा कि पूछने वाले के खिलाफ भी ऐसा ही विषाक्त माहौल बनाओ। किल द मैसेंजर ! पत्रवाहक को ही मार डालो। सूचना देने वाले को खत्म कर दो। पूछने वाले को ही। समस्या पर मत जाओ ! समस्या बताने वाले को आरोपित करो।और अंत में यह बताते हुए खत्म करते हैं कि भारत सफल राष्ट्र ऐसे बना कि यहां के गृह मंत्री सरदार पटेल भूत और वर्तमान को समझ भी रहे थे और भविष्य के लिए चेतावनी भी दे रहे थे। अब जो पत्र हम कोट कर रहे हैं वह पटेल ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी के पत्र के जवाब में लिखा था। इसमें साफ कहा गया है कि आरएसएस की गतिविधियों से सरकार और राज्य के अस्तित्व को ही खतरा हो गया था। इसी खतरे की तरफ राहुल लगातार ध्यान दिलाते रहते हैं। और इसलिए वह निशाने पर हैं। बीस के करीब मुकदमे अलग अलग जगहों पर दायर कर रखे हैं। मगर उससे नहीं डरे तो अब सीधे जान से मारने की धमकी।

# भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विस्तृत क्षितिज

//श्रीमती अनीता प्रवीण//

**भारत दुनिया की सबसे बड़ी एवं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसका खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आर्थिक विकास को गति देने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न व्यावहारिक पहलों के साथ-साथ सुधारों के एक नए युग की शुरुआत की है, जिसने भारत को तेजी से विकास के पथ पर ला खड़ा किया है। राष्ट्र न केवल अभूतपूर्व प्रगति एवं विकास का साक्षी बना है, बल्कि एक जीवंत एवं विविधतापूर्ण अर्थव्यवस्था द्वारा संचालित एक वैश्विक शक्ति के रूप में भी उभरा है। भारत सरकार की प्रगतिशील नीतिगत पहलों एवं उपायों के कारण, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और मैन्यूफैक्चरिंग के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 7.66 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कृषि के जीवीए में 8.45 प्रतिशत का योगदान दिया है।**

समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कृषिगत संसाधनों से लैस भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादन के मामले में एक महत्वपूर्ण शक्ति है। दूध, पोषक अनाज, खाद्यान्न, फल, सब्जियां, चाय और मछली जैसी कई खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते, इसने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का कृषि-खाद्य निर्यात बढ़कर 46.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र की तीव्र प्रगति और इसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है। कुल कृषि-खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 2014-15 में 4.90 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 10.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। नवाचार, निवेश और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सही मिश्रण के साथ, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का संपूर्ण दोहन करने और देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार एवं विविधतापूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और इसका प्रत्येक उप-क्षेत्र विकास की अनूठी संभावनाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी के आगमन ने इस उद्योग में क्रांति ला दी है, जिससे खाद्य सुरक्षा, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ई-कॉमर्स में आए उछाल और उपभोग के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) व सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खोल दिए हैं, जिससे यह निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया है।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सहायता प्रदान करने हेतु, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने ऐसी कई योजनाएं और पहल लागू की हैं जो बदलाव लाने और एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में अहम रही हैं। यह इकोसिस्टम सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं बड़े उद्यमों में नवाचार, निवेश और समावेशिता को प्रोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) नाम की प्रमुख योजना ने खेतों से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन प्रयासों से न केवल फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम किया जा सका है, बल्कि निर्यात क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रमुख प्रयास है। मंत्रालय देश में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना/उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करने हेतु केन्द्र प्रायोजित पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई) भी लागू कर रहा है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा परिकल्पित वर्ल्ड फूड इंडिया' वैश्विक स्तर पर एक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में उभरने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह वार्षिक उत्सव एक ऐसे वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है, जो खाद्य मूल्य श्रृंखला के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हितधारकों को एक साथ लाता है, पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देता है, ज्ञान साझा करने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है और भारत को एक वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरित करता है। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 19 से 22 सितंबर 2024 के दौरान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। पिछले संस्करणों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष के आयोजन का लक्ष्य अपेक्षाकृत अधिक बड़ा और प्रभावशाली कार्यक्रम का संचालन करना है जो नेटवर्किंग और सहयोग के अद्वितीय अवसर प्रदान करे। मंत्रालय वैश्विक निवेशकों, व्यापारिक जगत की अग्रणी हस्तियों, खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों, निर्यातकों, आयातकों, नवोन्मेषकों तथा सरकारी प्रतिनिधियों को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल होने और भारत के विशाल खाद्य बाजार व आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया है।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में पेट फूड, एचओआरईसीए (होटल, रेस्तरां और कैटरिंग) और फसल की कटाई के बाद (पोस्ट हार्वेस्ट) उपयोग में आने वाली मशीनरी सहित कई नए क्षेत्रों को समर्पित विशेष खंड शामिल होंगे। ये नए समावेश खाद्य उद्योग के उभरते परिदृश्य को दर्शायेंगे और इनका उद्देश्य विविध किस्म के निवेश व नवाचारों को आकर्षित करना है। यह आयोजन उद्योग जगत के हितधारकों के बीच ज्ञान साझा करने और सहयोग की सुविधा की दृष्टि से डिजाइन किए गए विभिन्न विषयगत सत्रों की एक श्रृंखला का आयोजन करेगा। इसके मुख्य विषयों में टिकाऊ पैकेजिंग प्रौद्योगिकियां; अपशिष्ट को न्यूनतम करना, मूल्य को अधिकतम करना; खाद्य-पदार्थ एवं व्यापार के मामले में क्रांतिकारी बदलाव लाना शामिल होंगे। ये सत्र विशेषज्ञों को चुनौतियों का समाधान करने, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने और सतत विकास के लिए उपयुक्त रणनीतियों का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। इसी के समानांतर, रिवर्स बायर सेलर मीट' अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों एवं भारतीय विक्रेताओं के बीच सीधे बातचीत को संभव बनाएगी, बाजार तक पहुंच सुलभ करेगी और नई साझेदारियों को बढ़ावा देगी।उपरोक्त बातों के अलावा, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का आयोजन वर्ल्ड फूड इंडिया के साथ किया जायेगा। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता और नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान हेतु वैश्विक खाद्य नियामकों के बीच निरंतर बातचीत एवं सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एक ऐसे जीवंत व सुदृढ़ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल भारत की आर्थिक समृद्धि में योगदान दे, बल्कि देश के लोगों का कल्याण भी सुनिश्चित करे। साथ मिलकर, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जहां विकसित भारत की आकांक्षाओं और एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के सपने को साकार करते हुए भारत खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित होगा।

## तस्वीरों की दुनिया


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा खूंटी में 'भगवान बिरसा मुंडा' की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए।


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने झारखंड के खूंटी में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल-परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की।


मेगास्टार चिरंजीवी को सनसनीखेज डांस मूव्स के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न्यूयॉर्क में एक बैठक के दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली के साथ।


भाजपा सांसद मनोज तिवारी नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न्यूयॉर्क के नासाउ कोलिज़ीयम में एक सामुदायिक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए।

# इमामों पर मेहरबान हुई आंध्र प्रदेश सरकार, हर महीने देगी मानदेय

## हज के लिए दिए जाएंगे एक लाख



अमरावती, 24 सितम्बर [एजेंसी]।

आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली सरकार इमामों और मुअज्जिनों को मासिक मानदेय और प्रत्येक हज यात्री को एक लाख रुपये देने जा रही है। नायडू ने सोमवार को अधिकारियों को इन चुनावी वादों को लागू करने के निर्देश दिए।यहां राज्य सचिवालय में अल्पसंख्यक कल्याण पर समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने ये निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इमामों और मुअज्जिनों को हर महीने क्रमशः दस हजार और पांच हजार रुपये मानदेय देने के वादे को शीघ्र लागू किया जाना चाहिए।

जबकि हज यात्रा पर जा रहे प्रत्येक व्यक्ति को एक लाख रुपये दिए जाएंगे। ये वादे चुनाव के दौरान किए गए थे। नायडू ने अधिकारियों को एक साल के अंदर वक्फ बोर्ड की जमीनों का सर्वे पूरा करने का निर्देश भी दिया है। उन्होंने अल्पसंख्यकों के लिए सभी कल्याणकारी योजनाओं के पुनर्गठन का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत लंबित कार्यों को तीव्र गति से पूरा किया जाना चाहिए। इस कार्यक्रम के लिए पहले ही 446 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जा चुके हैं।

# लेबनान में इजरायल ने मचाई भारी तबाही

## एक साथ 1600 ठिकानों पर हमला, 500 लोगों की मौत



बेरूत, 24 सितम्बर [एजेंसी]।

इजरायल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आईडीएफ ने लेबनान में भारी तबाही मचाई है। सोमवार को इजरायल ने हिजबुल्लाह के खिलाफ सबसे घातक हमला किया।इस हमले में 90 से अधिक महिलाओं और बच्चों सहित करीब 500 से अधिक लोग मारे गए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक, हमले में 500 लोगों की मौत हो गई है। इनमें 35 बच्चे और 58 महिलाएं शामिल हैं। घायलों की संख्या 1600 से ज्यादा है। इजरायल ने कहा है कि उसने हिजबुल्ला के 1600 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया है, वहां से इजरायल पर हमले किए जाते थे या फिर वहां हमले की तैयारी की जाती थी।

इस हमले पर अमेरिका ने भी चिंता जाहिर की है। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में सैनिकों की अतिरिक्त तैनाती करने का फैसला किया है।भले ही इजरायली सेना लगातार लेबनान पर हवाई हमले कर रही है, लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि यह युद्ध लेबनान के खिलाफ नहीं है। जबकि हिजबुल्ला ने कहा है कि वह इजरायल और कब्जे वाले वेस्ट बैंक के सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है। इजरायली सेना ने खासतौर से हिजबुल्ला के प्रभाव वाले दक्षिणी लेबनान के आम जनों को सशस्त्र संगठन के ठिकानों से दूर रहने की चेतावनी दी है। कहा है कि हिजबुल्ला लड़ाई में नागरिकों को ढाल बनाने के लिए उनके घरों से हमले कर रहा है।

# महाराष्ट्र सरकार ने सुनील गावस्कर से छीनी जमीन, अजिंक्य रहाणे को सौंपी, 36 साल का अधूरा काम अब होगा पूरा!



मुंबई, 24 सितम्बर [एजेंसी]।

महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने सोमवार को मुंबई के बांद्रा इलाके में एक स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स (खेल परिसर) विकसित करने के लिए 2,000 वर्ग मीटर भूमि को दिग्गज बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को पट्टे पर देने की मंजूरी दे दी। यह प्लाट सुनील गावस्कर को 1988 में एक इंडोर प्रशिक्षण अकादमी स्थापित करने के लिए आवंटित किया गया था, लेकिन वह इसका इस्तेमाल नहीं कर पाए। एक अधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र कैबिनेट ने अत्याधुनिक खेल सुविधाएं विकसित करने के लिए क्रिकेटर रहाणे को 30 साल के पट्टे पर जमीन सौंपने के राजस्व विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह प्लाट पहले गावस्कर को एक इंडोर क्रिकेट प्रशिक्षण अकादमी विकसित करने के लिए आवंटित किया गया था। विकास की कमी के कारण सरकार ने इस भूखंड को फिर से प्राप्त कर लिया। यह प्लाट खराब स्थिति में है और झुग्गीवासी इसका इस्तेमाल अनुचित काम के लिए कर रहे हैं।

# चीन पर बरसा अमेरिका, कहा- सीमा विवाद पर हमेशा भारत के साथ हूं, क्वाड के सहारे सबक सिखाने की तैयारी

**न्यूयॉर्क 24 सितम्बर।** भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने भारत को मित्र और अहम साझेदार बताया। उन्होंने कहा कि सीमा संघर्ष के दौरान अमेरिका हमेशा भारत के साथ खड़ा रह है। दोनों ही देश सीमाओं और संप्रभुता व कानून के शासन के सिद्धांत को मानते हैं। गार्सेटी ने कहा कि अमेरिका का यह सुनिश्चित करने का लंबा इतिहास रहा है कि दुनिया में कहीं भी आक्रामकता को बढ़ावा नहीं दिया जाए। अमेरिका हमेशा चीन के साथ भारत की कूटनीतिक बातचीत का समर्थन करता है।

# तिरुपति लड्डू विवाद : लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर में बाहर से लाए गए प्रसाद चढ़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध

लखनऊ, 24 सितम्बर [एजेंसी]।



लखनऊ के प्राचीनतम शिव मंदिर मनकामेश्वर मंदिर में एक बड़ा निर्णय लिया गया है। अब मंदिर में बाहर से लाया गया प्रसाद चढ़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। भक्तगण केवल घर में बनाए हुए प्रसाद और सूखे मेवों का ही उपयोग कर सकेंगे। मंदिर की महंत देव्यागिरि ने यह फैसला हाल ही में आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में लड्डू विवाद के बाद लिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब मंदिर के गर्भगृह में बाहर से लाए गए प्रसाद को चढ़ाने की अनुमति नहीं होगी। यह आदेश सोमवार प्रातः से प्रभावी हो जाएगा और मंदिर के बाहर इस संबंध में सूचना भी चस्पा कर दी गई है। आंध्र प्रदेश में तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू विवाद ने कई धार्मिक स्थलों पर प्रभाव डाला है। तिरुपति मंदिर में लड्डू का बंटवारा और बिक्री विवादों में घिरा रहा है, जिसके बाद यह सवाल उठा कि मंदिर में इस्तेमाल हो रहे प्रसाद की गुणवत्ता और पवित्रता सुनिश्चित की जाए। इसी को ध्यान में रखते हुए मनकामेश्वर मंदिर की महंत ने यह फैसला लिया है। महंत देव्यागिरि ने भक्तों से अपील की है कि वे घर में बने शुद्ध घी के प्रसाद या फिर सूखे मेवे को ही गर्भ गृह में अर्पित करें। बाजार से खरीदे गए प्रसाद में मिलावट और शुद्धता को लेकर सवाल खड़े होते हैं, इसलिए यह फैसला लिया गया है।

महंत ने कहा कि मंदिर में पवित्रता बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण है और भक्तों को इस व्यवस्था का पालन करना चाहिए। मंदिर प्रशासन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अब मंदिर में बाहर से लाया गया प्रसाद या मिठाई स्वीकार नहीं की जाएगी। भक्तों को घर में बना हुआ प्रसाद जैसे- लड्डू, पंजीरी या सूखे मेवे ही चढ़ाने की अनुमति होगी। यह फैसला मंदिर की शुद्धता बनाए रखने और श्रद्धालुओं की भक्ति को सही दिशा देने के उद्देश्य से लिया गया है।मंदिर प्रशासन ने इस नए नियम को कड़ाई से लागू करने का निर्णय लिया है। इस नए नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मंदिर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। भक्तों को गर्भ गृह में प्रवेश के समय ही यह निर्देश दिए जाएंगे कि वे बाजार से लाया हुआ प्रसाद पुजारी को न सौंपें। श्रीमहंत देव्यागिरि ने कहा कि यह कदम मंदिर की पवित्रता बनाए रखने और प्रसाद की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

हाल ही में आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू की बिक्री और वितरण को लेकर उठे विवाद के बाद कई मंदिर प्रशासन अपनी प्रसाद नीति की समीक्षा कर रहे हैं। तिरुपति मंदिर का लड्डू विवाद इस समय धार्मिक और प्रशासनिक मुद्दा बन चुका है, जिसके कारण भक्तों की आस्था प्रभावित हो रही है। इसी कारण लखनऊ के इस प्रतिष्ठित मंदिर ने बाजार से आने वाले प्रसाद पर रोक लगाने का फैसला किया है। मनकामेश्वर मंदिर प्रशासन का कहना है कि यह निर्णय भक्तों की सुरक्षा और प्रसाद की शुद्धता बनाए रखने के लिए उठाया गया कदम है। भक्तगण अब केवल घर में बना हुआ प्रसाद या सूखे मेवे मंदिर में चढ़ा सकते हैं, जिससे प्रसाद की शुद्धता और पवित्रता बनी रहेगी।मनकामेश्वर मंदिर का यह निर्णय मंदिर की पवित्रता और धार्मिक स्थलों की शुद्धता के मद्देनज़र लिया गया है। बाजार के प्रसाद की शुद्धता पर कई बार सवाल उठ चुके हैं। इसलिए, भक्त अब बाजार से प्रसाद न लाकर सिर्फ घर में बने प्रसाद को ही अर्पित करेंगे। तिरुपति लड्डू विवाद ने भी इस फैसले को प्रेरित किया है।

# रोजी रोटी के जुगाड़ में गुजरात गया अनुज प्रताप सिंह कैसे बन गया डकैत

तिलोई, 24 सितम्बर [एजेंसी]।

सुलतानपुर में सराफा दुकान में लूट कांड के आरोपी मोहनगंज के जनापुर निवासी अनुज प्रताप सिंह को रविवार रात को उन्नाव में पुलिस व एसटीएफ टीम ने मार गिराया। अनुज के एनकाउंटर पर पिता धर्मराज सिंह का बयान सोमवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। आरोपित के पिता कह रहे है कि चलो ठाकुर का एनकाउंटर होने से उनकी (अखिलेश यादव) की इच्छा तो पूरी हो गई। जिनके ऊपर 35 से 40 केस हैं, उनका एनकाउंटर नहीं हो रहा है, जिनके ऊपर दो से चार केस है। उनका एनकाउंटर किया जा रहा है। धर्मराज ने आगे कहा कि सरकार की मर्जी है, चाहे जो करे।अनुज प्रताप सिंह ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहा था। कोरोना के दौरान मां नीलम सिंह की मौत हो गई, जो शिक्षा मित्र के पद पर तैनात थी। रोजी रोटी के जुगाड़ में नौकरी करने अनुज गुजरात के सूरत चला गया, जहां उसे शातिर अपराधी और पड़ोसी विपिन सिंह का साथ मिला।विपिन के साथ उसने अपराध की दुनिया में पैर रखते हुए लूट की। इसमें अनुज को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दिया था।

काफी दिन जेल में रहने के बाद जमानत मिली तो वह गांव आया। ग्रामीणों की माने तो वह घर में शांत पूर्वक रह रहा था। पिता धर्मराज सिंह उर्फ बब्लू के कोटे में हाथ बंटाता था। अनुज प्रताप सिंह के सिर इसी वर्ष सेहरा बंधना था, लेकिन विधि का विधान कुछ और ही था। रविवार को पुलिस व एसटीएफ की मुठभेड़ में अनुज मारा गया। अनुज सिंह के बाबा बसंत सिंह संभ्रांत लोगों में थे। उन्हें सरकारी राशन वितरण की दुकान आवंटित थी। उनकी मृत्यु के बाद वरासत में पुत्र धर्मराज को कोटा मिल गया है। पारिवारिक पृष्ठभूमि में भी कोई आपराधिक प्रवृत्ति का नहीं था। पिता धर्मराज की माने तो बेटे का विवाह हलियापुर से तय किया था। अनुज सिंह का 15 वर्षीय छोटा भाई आयुष सिंह है।पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अनुज सिंह पर दो केस हैं। पहला गुजरात के सूरत के सचिन थाना में व दूसरा सुलतानपुर में सराफा लूट ही दर्ज है। गांव में पूरी तरह सन्नाटा है।

# कांग्रेस सरकार बनाने के नजदीक भी नहीं है : मनोहर लाल

करनाल, 24 सितम्बर [एजेंसी]।

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इंद्री विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी राम कुमार कश्यप के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। यहां उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि, भाजपा तीसरी बार हरियाणा में सरकार बना रही है और कांग्रेस सरकार बनाने के नजदीक भी नहीं है। उन्होंने पूरे विश्वास के साथ कि भाजपा बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली है। बोले, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि हरियाणा में भाजपा को 49 से 50 सीट मिल रही है। लेकिन, मैं आपको बताना चाहता हूं कि हरियाणा में भाजपा की 60 से 62 सीट आ रही है।

हरियाणा के पूर्व सीएम ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि वो अपनी पहुंच बढ़ाएं। उन्होंने कहा, भाजपा के सभी कार्यकर्ता एक-एक मतदाता तक पहुंचे और भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील करें। इस बार हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने के साथ ही रिकॉर्ड भी बनना चाहिए। कार्यकर्ताओं से मनोहर लाल ने कहा, साल 2004 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनी। साल 2009 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी।

हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनी। साल 2014 और 2019 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो हरियाणा में भाजपा की सरकार बनी। साल 2024 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है। इस बार तीसरी बार हरियाणा में भी भाजपा की सरकार बनेगी। मनोहर लाल ने एक्स पोस्ट पर भी हरियाणा वासियों से वोट अपील की।

# मेरी पत्नी का अशरफ के साथ था लव अफेयर, नौ महीने से... महालक्ष्मी के पति का सनसनीखेज दावा

नईदिल्ली, 24 सितम्बर [एजेंसी]।



बेंगलुरु के एक फ्लैट में महालक्ष्मी नामक महिला के शव के टुकड़े मिलने के मामले को लेकर सनसनीखेज खुलासे हो रहे हैं। महालक्ष्मी अपने पति हेमंत दास से पिछले 9 महीने से अलग रह रही थी। इस मामले में महिला के पति ने बड़ा दावा किया है।हेमंत ने कहा कि उसकी पत्नी अशरफ के साथ रिश्ते में थी। वह अशरफ के साथ ही फ्लैट में रहती थी। वह एक नाई की दुकान पर काम करता है। हेमंत ने आगे दावा किया कि अशरफ उत्तराखंड का रहना वाला है। आशंका है कि उसने ही महालक्ष्मी के 30 टुकड़े कर फ्रिज में रखा है।हेमंत दास नेपाल की रहने वाली है। वो एक मोबाइल फोन की दुकान पर काम करता है। बता दें कि 22 सितंबर को कर्नाटक पुलिस को व्यालिकावल इलाके के एक फ्लैट से महालक्ष्मी के शव के टुकड़े फ्रिज में मिले थे।जब महालक्ष्मी की लाश से बदबू आने लगी तो मकान मालिक ने पड़ोसियों की मौजूदगी में दरवाजा खोला। कमरे का मंजर देखकर सभी लोग बाहर भाग उठे। इसके बाद लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

कमरे का मंजर देख पुलिस भी दंग रह गई। कमरे के चारों तरफ मांस के टुकड़े बिखरे हुए थे। फ्रिज के ऊपरी खाने में महालक्ष्मी का पैर रखा हुआ था। वहीं, फ्रिज के सबसे नीचे खाने में सिर रखा था। पड़ोसियों ने दावा किया है कि महालक्ष्मी एक और अजनबी के साथ आती-जाती थी। अजनबी शख्स उसे पिक और ड्रॉप करने आता था। महालक्ष्मी के मोबाइल की कॉल डिटेल के जरिए पुलिस अजनबी शख्स के तलाश में भी जुटी है।

# तरूणप्रीत सिंह सोंड, बरिंदर कुमार गोयल, रवजोत सिंह समेत 5 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली

**चंडीगढ़।** पंजाब की भगवंत मान सरकार ने अपने मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल करते हुए 5 नए विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। सोमवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने तरूणप्रीत सिंह सोंड, बरिंदर कुमार गोयल, रवजोत सिंह,हरदीप मुंडिया, मोहिंदर पाल भगत ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने इन सभी विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# पीएम मोदी बदल चुके हैं, हमने उन्हें मनोवैज्ञानिक रूप से तोड़ दिया : राहुल गांधी

जम्मू, 24 सितम्बर [एजेंसी]।

लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में चुनावी रैली की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला और कहा कि अब वह बदल गए हैं। राहुल गांधी ने कहा कि आज वह पहले वाले नरेंद्र मोदी नहीं रहे। हमने उन्हें मनोवैज्ञानिक रूप से पराजित कर दिया है। पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में एनसी-कांग्रेस की रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, जम्मू-कश्मीर और अन्य राज्यों में भाजपा और आरएसएस के लोग नफरत और हिंसा फैलाते हैं। वे भाई को भाई से लड़वाते हैं। वे केवल नफरत फैलाना जानते हैं। उनकी राजनीति नफरत पर आधारित है। नफरत को नफरत से नहीं हराया जा सकता। इसे केवल प्यार से ही हराया जा सकता है। एक तरफ नफरत फैलाने वाले लोग हैं और दूसरी तरफ हम हैं, जो प्यार की दुकान खोलना चाहते हैं। अपनी भारत यात्रा के दौरान हमने भारत के हर राज्य में प्यार की दुकान खोली।राहुल गांधी ने कहा,आज के नरेंद्र मोदी पहले के मोदी की छाया भी नहीं हैं। वे कानून लाते हैं और हम उनका विरोध करते हैं और अब वे कानून पारित नहीं कर सकते। हमने नरेंद्र मोदी के मनोविज्ञान को हरा दिया है। जब लोकसभा चुनावों के दौरान उन पर दबाव आया, तो उन्होंने कहा कि वे बायोलॉजिकल नहीं हैं और भगवान से सीधे जुड़े होने का दिखावा करने लगे। यह दर्शाता है कि हमने अपने प्यार से उनके नफरत को हराकर उन्हें मनोवैज्ञानिक रूप से तोड़ दिया है।राहुल गांधी ने कहा, भारत में, राज्यों से केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाते हैं, राज्यों को दो भागों में विभाजित किया जाता है, लेकिन हमारे संवैधानिक इतिहास में कभी भी किसी राज्य को केंद्र शासित प्रदेश में नहीं बदला गया। आज आपका लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिया गया है। हम उन पर आपका राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए दबाव डालेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा, आज आपके सभी फैसले दिल्ली से लिए जाते हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि आपके फैसले जम्मू-कश्मीर में लिए जाएं। हम चुनाव से पहले राज्य का दर्जा चाहते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। वे लोगों को क्षेत्र, भाषा और समुदाय के आधार पर बांटते हैं। वे गुज्जरों और पहाड़ियों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। हम सभी को साथ लेकर चलेंगे, सभी को उनके अधिकार देंगे और एक साथ आगे बढ़ेंगे।



रोजगार को लेकर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा, ''पूरे देश में नरेंद्र मोदी केवल दो से तीन अरबपतियों की मदद करते हैं। उन्होंने अरबपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ कर दिए। उन्होंने छोटे उद्योगों को खत्म कर दिया, इस वजह से जम्मू-कश्मीर सहित पूरे देश में रोजगार उपलब्ध नहीं है।''गांधी ने कहा, कांग्रेस उम्मीदवार यहां से चुनाव लड़ रहे हैं और एनसी हमारा समर्थन कर रही है। मैं अपने सभी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि वे एनसी उम्मीदवारों का समर्थन करें, चाहे वे कहीं भी चुनाव लड़ रहे हों। राहुल गांधी के साथ सुरनकोट में कांग्रेस की चुनावी रैली में नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला भी शामिल हुए। अब्दुल्ला ने कहा, भारत के भावी प्रधानमंत्री राहुल गांधी आज यहां हैं और हमारी लड़ाई भाजपा और आरएसएस द्वारा फैलाई गई नफरत के खिलाफ है।

उन्होंने पहले लोगों को धर्म के आधार पर बांटने की कोशिश की और अब वे हमें समुदायों के नाम पर बांटना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि मुसलमान घुसपैठिए हैं और वे बहुत सारे बच्चे पैदा करते हैं। वह हमारी हिंदू बहनों और बेटियों से कहते हैं कि मुसलमान उनका मंगलसूत्र छीन लेंगे। हमने इस दुष्प्रचार से लड़ने के लिए हाथ मिलाया है। मैं भाजपा उम्मीदवार चौधरी अकरम से अनुरोध करता हूं कि वे चुनाव से हट जाएं और सुरनकोट में एनसी-कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन करें। अगर आप नफरत को खत्म करना चाहते हैं, तो कांग्रेस को अपना वोट दें। अब्दुल्ला ने कहा, राहुल गांधी कहते हैं कि वे नफरत की दुकान बंद करना चाहते हैं और हम उसमें यह भी जोड़ते हैं कि हम नफरत की नाव को डुबोना चाहते हैं।

# हम बंटे थे तो कटे थे, इसी कारण पांच सौ वर्ष तक अयोध्या में इंतजार करना पड़ा : सीएम योगी

मीरजापुर, 24 सितम्बर [एजेंसी]।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मीरजापुर के गोपालपुर, विकासखंड पहाड़ी में 765 करोड़ की 127 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 1,500 से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित किए गए। सीएम योगी ने मत्स्य आहार प्लांट की स्थापना के लिए पहली किस्त के रूप में लगभग चार करोड़ रुपए का चेक भी प्रदान किया। सीएम योगी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए विद्या शक्ति पोर्टल का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अब अयोध्या धाम भी जगमगा रहा है।

भगवान रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है, लेकिन ऐसी स्थिति क्यों हुई कि अयोध्या में पांच सौ वर्ष तक इंतजार करना पड़ा। प्रभु रामलला के भव्य मंदिर को तोड़कर आक्रांताओं ने क्यों गुलामी का ढांचा खड़ा कर दिया था। उसका कारण एक ही है, हम बंटे थे, इसलिए कटे थे। बंटिए मत, बल्कि एकजुट होकर विकास और सुरक्षा के माहौल में आगे बढ़िए। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। खनन, पशु, संगठित अपराध, भूमाफिया हावी थे। जब उनका काफिला निकलता था तो सामान्य जनप्रतिनिधि सहम जाते थे, प्रशासन सैल्यूट करता था। कोई माफिया पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं करता था, आज माफिया गिड़गिड़ा रहे हैं कि जान बख्श दो, ठेली लगाकर पेट भर लेंगे, लेकिन किसी को छेड़ेंगे नहीं। अब बेटी-व्यापारी की सुरक्षा से खिलवाड़, किसान की जमीन पर कब्जा, गरीब की झोपड़ी को उजाड़ने का दुस्साहस कोई नहीं कर सकता। सीएम योगी ने निशाना साधते हुए कहा कि जाति का नंगा खेल खेलने वाले लोग माफिया व दुर्दांत अपराधियों, दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे। आज जब प्रदेश विकास की नई धारा के साथ बढ़ रहा है तो यह फिर से बैरियर बनकर खड़ा होना चाहते हैं। ऐसे लोग वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

ऐसे माफिया को फिर से सिर उठाने का अवसर नहीं मिल पाए। दस वर्ष पहले मीरजापुर जनपद में कनेक्टिविटी का अभाव था, गरीबों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था। मां विंध्यवासिनी धाम के पवित्र मंदिर और त्रिकोण के रूप में विख्यात शक्तिपीठों की क्या स्थिति थी। सड़कों के क्या हालात थे। गुंडाराज व माफियाराज किसी से छिपा नहीं है। दस वर्ष में बदलते भारत, साढ़े सात वर्ष में उत्तर प्रदेश व मीरजापुर को सभी ने देखा होगा।

# पुलिस जाति देखकर नहीं, अपराधी देखकर कार्रवाई करती है : ओम प्रकाश राजभर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि यूपी की सरकार और पुलिस जाति देखकर नहीं बल्कि अपराधी देखकर कार्रवाई करती है। वो उन्नाव एनकाउंटर को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। राजभर ने कहा, सुल्तानपुर में डकैती के आरोपी का जो उन्नाव में एनकाउंटर हुआ है, उसके लिए कहूं तो अपराधी की कोई जाति नहीं होती है। अपराधी, अपराधी होता है। सरकार उसको सजा देगी। 67 मुसलमान मारे गए। 20 ब्राह्मण मारे गए, 19 राजपूत मारे गए, 16 यादव मारे गए, 24 अति पिछड़ी जाति के लोग मारे गए और 26 अन्य लोग मारे गए। विपक्ष इन आंकड़ों पर चर्चा क्यों नहीं करता कि कितने लोग किस जगह से मारे गए। अगर वह जाति ही गिना रहे हैं तो वह सबकी जाति क्यों नहीं बताते। वह इस बात पर चर्चा क्यों नहीं करते। सरकार और पुलिस जाति देखकर नहीं, अपराधी देखकर कार्रवाई करती है। अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद के खिलाफ हुई शिकायत पर बोले, यह कौन सी नई बात है। सांसद हो, विधायक हो, मिनिस्टर हो अगर उनके बेटे गलत करेंगे तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जेल भेजा जाएगा। जो कानून के तहत कार्रवाई है, वह की जाएगी।

# प्राकृतिक खूबसूरती देखकर दंग रह जाएंगे







कई लोगों को प्राकृतिक नजारे देखने के काफी शौकीन होते हैं। अगर आप भी नेचर लवर हैं तो आप यहां मौजूद कुछ वाइल्डलाइफ सैन्चुरी को जरुर एक्सप्लोर करना चाहिए। आइए हम आपको इस लेख में बताते हैं कि आप कहां-कहां वाइल्डलाइफ सैन्चुरी देखने के लिए जा सकते हैं।

वैसे प्रकृति के साथ समय बिताने से मानसिक रुप से काफी शांति मिलती है। ऐसे कई लोग है जो नेचर लवर हैं और उन्हें वन्यजीवों को करीब से देखना भी काफी पसंद होता है। अगर आप भी प्रकृति प्रेमी हैं और भारत की सुंदर वाइल्डलाइफ सैन्चुरी देखना चाहते हैं, तो आप किसी भी नेचर लवर के घूमने के लिए एकदम सही है। इन खूबसूरत वाइल्डलाइफ सैन्चुरी में आप प्रसिद्ध एक सींग वाले गैंडे को देख सकते हैं या जीवंत पक्षी प्रजातियों को देखना चाहते हों, या फिर प्रकृति के खूबसूरत नजारों का आनंद लेना चाहते हों, तो असम में आपको सब मिल जाएगा।

काजीरंगा नेशनल पार्क

जब कहीं वाइल्डलाइफ सैन्चुरी घूमने की बात आती हैं तो असम का काजीरंगा नेशनल पार्क का नाम सबसे पहले आता है। दरअसल, गोलाघाट और नागांव जिले में स्थित यह नेशनल पार्क एक यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट है और भारत के सबसे प्रसिद्ध वाइल्डलाइफ सैन्चुरीज में से एक है। यहां पर आप एक सींग वाला गैंडे के लिए जाना जाता है। आपको बता दें कि, काजीरंगा नेशनल पार्क 430 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और गैंडों के अलावा, यहां हाथियों, बाघों, जंगली भैंसों और पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां आपको देखने को मिल जाएगी। गौरतलब है कि ब्रह्मपुत्र नदी पार्क से होकर बहती है, जो इसकी प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ाती है।

मानस नेशनल पार्क

अगर आप असम जा रहे हैं तो आपको मानस नेशनल पार्क जरुर जाना चाहिए। दरअसल, यह एक वर्ल्ड हेरिटेज साइट है और बक्सा, चिरांग और कोकराझार जिले में स्थित है। इसको सबसे बेहतरीन वाइल्डलाइफ सैन्चुरी में से एक माना जाता है। यहां पर घना जंगल और घास के मैदानों का मिश्रण है। यहां आपको बंगाल टाइगर, पिग्मी हॉग, भारतीय हाथी और असम रूफ्ड कछुए सहित अपनी लुप्तप्राय प्रजातियां देखने को मिल जाएगी।

गरमपानी वाइल्डलाइफ सैन्चुरी

असम के कार्बी आंगलोंग जिला में स्थित है गरमपानी वाइल्डलाइफ सैन्चुरी। आपको बता दें कि, यह असम के सबसे पुराने वाइल्डलाइफ सैन्चुरी में से एक है, जो लगभग 6.05 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यहां पर आपको प्राकृतिक गर्म झरनों और समृद्ध जैव विविधता के लिए जाना जाता है। गरमपानी वाइल्डलाइफ सैन्चुरी में हाथियों, तेंदुओं और कई पक्षी प्रजातियों सहित कई तरह के वन्यजीव आपको देखने को मिल जाएंगे।

## 3 साल से अच्छे काम के इंतजार में है अहाना कुमरा, फूटा दर्द



टीवी और ओटीटी पर संघर्ष करने के बाद फिल्मों में काम कर चुकी एक्ट्रेस अहाना कुमरा को अब 3 साल से काम नहीं मिला है. अहाना कुमरा ने खुद इसकी जानकारी दी है. अहाना कुमरा ने बताया कि वे 3 साल से अच्छे किरदारों का इंतजार कर रही हैं. लेकिन अभी तक उन्हें कोई अच्छा रोल नहीं मिला है. इसी के चलते परेशान होकर अहाना कुमरा ने फिल्म मेकिंग पर फोकस शुरू कर दिया है. अहाना ने बताया कि बॉलीवुड में केवल ए ग्रेड एक्टर्स के पास ही अच्छा काम आता है.

2 साल पहले 2022 में आई मधुर भंडारकर की फिल्म लॉकडाउन में नजर आने वाली एक्ट्रेस अहाना कुमरा बताया कि बॉलीवुड में केवल ए ग्रेड एक्टर्स को ही लगातार काम मिलता है. अहाना ने बताया, मैं बीते 3 साल से काम के इंतजार में हूं. लेकिन अभी तक मेरे पास कोई काम नहीं आया है. कोई भी किसी तरह का काम मुझे ऑफर नहीं कर रहा है. मैं ओटीटी पर खूब काम किया करती थी. लेकिन लंबे समय से मेरे पास कोई काम नहीं है. लेकिन ये सब चलता रहता है. बॉलीवुड में लोग केवल ए ग्रेड एक्टर्स को ही लगातार काम देते हैं. या तो फिल्म मेकर्स किसी बड़े स्टार के पास जाता है या फिर बिल्कुल ही कम पैसे वाले एक्टर्स को कास्ट कर लेता है. मैं कुछ और काम करने का भी सोच रही हूं क्योंकि मुझे भी अपना घर चलाना है.

अहाना कुमरा ने साल 2009 में अपने करियर की शुरुआत की थी. टीवी सीरियल बॉलीवुड हीरो में नजर आने के बाद अहाना कुमरा ने कई शानदार प्रोजेक्ट्स में काम किया. इतना ही नहीं 2 दर्जन से ज्यादा टीवी सीरियल और ओटीटी सीरीज में दमदार किरदार निभाए हैं. अपने अब तक के करियर में अहाना कुमरा ने 39 से ज्यादा टीवी सीरियल, ओटीटी सीरीज और फिल्मों में काम कर लिया है. अहाना बताती है, मुझे भी लोगों ने गुड एक्टर का टैग दिया. मैंने इसके लिए खूब मेहनत की और लोगों ने मेरे टैलेंट को पहचाना. लेकिन ऐसा टैग किस काम का जो काम ही न दिला पाए. गुड एक्टर का टैग लगने के बाद भी गैरंटी नहीं है कि काम मिलता ही रहेगा.

## क्या आपको भी खाना खाते समय लगती है प्यास, तो हो सकती है ये खतरनाक बीमारी



ज्यादातर जगहों पर खाना खाने के दौरान पानी पीने को मना किया जाता है, लेकिन अगर आप इसका रीजन पूछते हैं, तो इसके लिए बोला जाता है कि इसका कोई रीजन नहीं है. वहीं अगर आप खाने के टाइम पानी पीते है, तो इससे काफी सारी दिक्कतें हो सकती है. पानी पीने से आपका पेट भरा हुआ रहता है जिसकी वजह से आपको भूख भी कम लगती है. आइए आपको बताते है कि इससे क्या नुकसान हो सकते है क्या नहीं.

इस चीज का नहीं होता खतरा

अक्सर खाना खाने से पहले पानी पीने की सलाह दी जाती है. जिससे आप कम खाना खाते है. पानी पीने से आपका वजन काफी संतुलित रहता है. जिससे की कैंसर का खतरा काफी ज्यादा कम होता है. वहीं हाल ही में एक स्टडी में मिला कि पानी पीने से कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा कम हो सकता है. वहीं हमारे शरीर के सभी हिस्सों को अच्छी तरह काम करने के लिए पानी पीने की जरूरत होती है.

कितना पानी पीना चाहिए

पूरे दिन में 8 गिलास पानी पीने की सलाह दी जाती है. वहीं पानी पीने से आपके शरीर में सूजन या कम सोडियम स्तर से आपके मस्तिष्क की कोशिकाओं पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ने की संभावना होती है. यदि आप थोड़े अधिक पानी पीते हैं तो इसके लक्षण शरीर पर दिखाई दे सकते हैं.

ज्यादा पानी पीने से ये दिक्कत होती है

एक्सपर्ट के मुताबिक अगर आप एक टाइम से ज्यादा पानी पीते हैं, तो शरीर में पानी हद से ज्यादा हो जाता है. जिससे की आपकी जो कोशिकाएं होती है वो सूज जाती है, जिससे की मस्तिक में दबाव पैदा करती हैं. इसका कारण नींद की कमी, सिरदर्द जैसी दिक्कत हो सकती है. अगर आपको यह दिक्कत होती है तो इससे आपको हाई बीपी और ब्रैडीकार्डिया जैसी दिक्कतें हो सकती है. सोडियम इलेक्ट्रोलाइट ओवरहाइड्रेशन से सबसे ज्यादा प्रभावित होता है.

कोशिकाओं की दिक्कत

इलेक्ट्रोलाइट्स, जिनमें सकारात्मक या नकारात्मक चार्ज होता है. वो आपके शरीर की कोशिकाओं में तरल पदार्थ की मात्रा को संतुलित करने में मदद करते हैं. जब शरीर में पानी काफी ज्यादा हो जाता है, सोडियम का स्तर गिरता है. जिससे की तरल पदार्थ कोशिकाओं के अंदर चले जाते हैं और आप हाइपोनेट्रेमिया से पीड़ित हो सकते हैं. आपकी कोशिकाएं सूज जाती हैं, जिससे आपको दौरे पड़ने, कोमा में जाने यहां तक कि मरने का भी खतरा होता है.



## अगर आपके हाथ भी गुस्से में कांपने लगते हैं तो हो जाएं सावधान, हो सकती है ये बीमारी

आजकल के अनहेल्दी लाइफस्टाइल और खानपान के चक्कर में लोग तरह-तरह के बीमारियों का शिकार हो रहे हैं. आज के समय में कम उम्र के लोग में भी एंग्जायटी, डिप्रेशन, हाइपरटेंशन, डायबिटीज, ओबेसिटी से जूझ रहे हैं. ऐसे में अनहेल्दी लाइफस्टाइल हमारे दिमाग पर भी बुरा असर पड़ता है. इसकी वजह से छोटे-छोटे बच्चों में भी गुस्सा, चिड़चिड़ापन देखने को मिलता है.आपने अक्सर देखा होगा कि लोग गुस्से में कुछ ज्यादा ही आक्रामक हो जाते हैं. कुछ लोग तो गुस्से में इतने एग्रेसिव हो जाते हैं कि उनके हाथ-पैर भी कांपने लगते हैं. लेकिन क्या आपने सोचा है कि आखिर इसके पीछे की वजह क्या है. आखिर क्यों कांपती है बॉडी-जब आप किसी व्यक्ति के गुस्से में हाथ-पैर कांपते हुए देखते हैं, तो आपके मन में यही सवाल आया होगा कि ये कांप क्यों रहा है. बता दें कि इसके पीछे इमोशन और मेडिकल से संबंधित कारण हो सकते हैं. जब व्यक्ति एक ही चीज को अपने मन में बैठा ले तो उसे कई सारी समस्याएं हो सकती है. लेकिन इससे शरीर में जरूरत से ज्यादा हार्मोन चेंज होने लगता है. ये हार्मोन हाई बीपी, स्ट्रेस और अन्य कई तरह के बीमारियों को बुलावा दे सकती है. इसलिए जब भी कोई व्यक्ति गुस्सा होता है तो उसका शरीर कांपने लगता है. कई रिसर्च में यह बात साफ हो चुकी है कि महिलाओं की तुलना में पुरुषों अधिक गुस्सेबाज होते हैं. गुस्सा होने पर बॉडी एड्रलीन नामक जहरीला टॉक्सिन निकलकर पूरे बॉडी में फैलता हैं. इससे कई बीमारियां पैदा होती है. गुस्सा आने पर करें ये उपाय- गहरी सांसें लें: गहरी और धीमी सांस लेने से आपके शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है, जिससे आप शांत हो सकते हैं. चलना या व्यायाम करना: थोड़ी देर टहलने या हल्का व्यायाम करने से आपके शरीर में एंडोर्फिन रिलीज होता है, जो आपको बेहतर महसूस कराता है. कुछ समय लें: जब भी आप गुस्से में हों, थोड़ी देर के लिए उस स्थिति से हट जाएं. इससे आप बेहतर तरीके से सोच सकेंगे. पॉजिटिव सोचें: गुस्से को कंट्रोल करने के लिए पॉजिटिव विचारों पर ध्यान केंद्रित करें.

## शब्द सामर्थ्य -187

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. इदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 186 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |

## इंटरनेट पर छाया रकुल प्रीत सिंह का हॉट बॉसी लुक

बी-टाउन की खूबसूरत हसीना रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपनी अदाओं से सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। उनका स्टाइलिश लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स से लोगों का सारा अटेंशन अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड और स्टाइलिश अंदाज इंटरनेट पर आते ही वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।



तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर का ब्लेजर और स्टाइलिश स्कर्ट पहनी हुई है, जिसमें वो सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बालों का हाई बन बनाकर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स कर के अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू हॉट टू हेंडल। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा है- यू लुक स्टनिंग।



## करमा महोत्सव में मांदर की थाप पर थिरके विधायक व मंत्री

**सूरजपुर।** जिले के प्रेमनगर विकासखंड स्थित नवापाराकला गांव में जिला स्तरीय करमा महोत्सव का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी के निमंत्रण पर महोत्सव में शामिल होने कृषि मंत्री राम विचार नेताम भी पहुंचे। इस दौरान वे आदिवासी परिधान में मांदर की थाप व मनमोहक करमा गीतों पर करमा नृत्य किए। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने उनका बखूबी साथ दिया। जिला स्तरीय महोत्सव को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सरगुजा में करमा पर्व का समाज में एक अलग ही महत्व है। सरगुजा अंचल के गांव-गांव में मनाए जाने वाला कर्मा त्यौहार एवं इस लोक नृत्य को बढ़ावा देने के लिए भाजपा सरकार काम कर रही है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, कौशल सिंह,दीपक गुप्ता उपस्थित रहे।

## शासकीय भूमि में अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के कामकाजों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि जनता की सभी समस्याओं को ध्यान से सुनें एवं संबंधित सभी प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में भूमि अधिग्रहण, सीमांकन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, बंदोबस्त, खसरा एवं नक्शा त्रुटि सुधार, अविवादित, विवादित नामांतरण, बंटवारा, भूमि आबंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पटवारी की उपलब्धता और अभिलेख दुरुस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों का मुआवजा भुगतान की स्थिति आदि की विस्तार से जानकारी ली। इसके अलावा कलेक्टर व्यास ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को कहीं भी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण होने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए

## अंगूठा का निशान लगवाने के बाद भी नहीं दिया चावल

**लखनपुर।** सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत अमगसी के 77 हितग्राहियों को अगस्त माह का चावल वितरण नहीं किया गया है। अगस्त महीने में पर्याप्त चावल नहीं आने का हवाला देकर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उचित मूल्य राशन दुकान संचालक द्वारा सितंबर में वितरण का भरोसा दिया गया था। सभी हितग्राहियों का ई पास मशीन में अंगुल निशान भी लिया गया लेकिन अब चावल देने से इंकार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने राशन वितरण में कटौती की शिकायत खाद्य निरीक्षक से कर चावल वितरित कराने की मांग की है।अमगसी की हितग्राही फुलसुंदरी, बसंती, धनेश्वरी, कुलेश्वरी, शीला , गंगोत्री ने बताया कि ग्राम पंचायत अमगसी में 77 राशन कार्डधारी को अगस्त माह का राशन नहीं मिला है।सेल्समैन द्वारा सितंबर माह में चावल वितरण करने आश्वासन दिया गया था। इसके बदले अगस्त माह में सभी का अंगुल का निशान भी लिया गया था।

## कलेक्टर ने कानून व्यवस्था के संबंध में ली बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी सजग होकर कार्य करें। असामाजिक तत्वों के द्वारा की जाने वाली वारदातों, घटनाओं एवं विवादों पर पैनी नजर रखने कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि की जानकारी मिलने और अप्रिय स्थिति निर्मित होने की दशा में त्वरित रूप में कड़ी कार्यवाही करें। इस अवसर पर कलेक्टर श्री व्यास ने आपसी समन्वय एवं सहयोग को बेहद जरूरी बताया। उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी एसडीएम एवं एसडीओपी तथा तहसीलदार एवं थाना प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से समन्वय स्थापित कार्य करने को कहा । जिले में शांति व्यवस्था तथा सामाजिक सौहार्द्र कायम रखने के लिए सभी जरूरी उपाय करने के लिए कहा। जिले में कहीं पर सड़क दुर्घटना के कारणों पर ध्यान रखते हुए उनको रोकने के लिए गंभीर प्रयास करने को कहा साथ ही ऐसी घटना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए राहत प्रदान करने के लिए कहा।

## अजबनगर में पोषण माह एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन

**सूरजुपर।** सिलफिली परियोजना अंतर्गत ग्राम पंचायत अजबनगर में पोषण माह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ विभाग से संबंधित जानकारी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर विस्तृत जानकारी, सखी वन स्टॉप सेंटर में संकट ग्रस्त महिलाओं को 24 घंटे सहायता प्रदान करने संबंधित जानकारी व सिलफिली परियोजना अधिकारी के द्वारा पोषण माह ,वजन त्योहार ,महिला बच्चे हेतु शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉक्टर रणविजय सिंह, श्रीमती इंदिरा चौबे महिला संरक्षण अधिकारी, श्रीमती कविता बिस्वास, एवं महिला बच्चे कार्यकर्ता सदस्य उपस्तिथ रहे।

## ग्राम पंचायत बोझा में स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव हुआ संपन्न

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं ग्राम पंचायत बोझा में ''स्वच्छता ही सेवा 2024'' कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ भारत कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य संतोष भारती और प्रभारी आलोक लकड़ा के द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र की समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। तत्पश्चात विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वच्छता पर आधारित लघु नाटिका ''स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता'' प्रस्तुत किया गया। इसी कार्यक्रम अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कराया गया। बच्चों के द्वारा चित्रकला रंगोली ,खेल कुद में रस्साकसी, बोरा दौड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बोझा के बच्चों के द्वारा स्वच्छता रैली के साथ नारेबाजी कर गांव में भ्रमण किया गया तथा लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

# सरईटिकरा के युवा ईश्वर राजवाड़े की राजधानी में चाकू गोद कर हत्या

**अंबिकापुर।** शहर से लगे सरईटिकरा निवासी आदिम जाति कल्याण विभाग में अंशकालिक वाहन चालक ईश्वर राजवाड़े की रायपुर के तेलीबांधा तालाब के समीप चाकू से गोदकर की गई हत्या को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने छत्तीसगढ़ के डीजीपी अशोक जुनेजा से चर्चा की है। उन्होंने इस घटना को लेकर चिंता जाहिर की है और प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है। मामले को लेकर सरगुजा प्रवास पर यहां पहुंची कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी जरिता नैतफलांग ने कांग्रेस पदाधिकारी के साथ सरईटिकरा गांव शोकाकुल परिवार के बीच पहुंची और ढांढस बंधाया। इस घटना को लेकर ईश्वर राजवाड़े का पूरा परिवार स्तब्ध और दुखी है।



सरईटिकरा निवासी ईश्वर राजवाड़े शासकीय कार्य से अपने एक अधिकारी को लेकर प्रदेश की राजधानी रायपुर गए थे। सुबह वह रायपुर के तेलीबांधा तालाब के पास मार्निंग वाक के लिए गए। वहां पर मोटरसाइकिल सवार तीन युवक आए और ईश्वर की मोबाईल लूटने के प्रयास में उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी। प्रदेश की राजधानी के मुख्य पर्यटन क्षेत्र में थाने से चंद कदमों की दूरी पर घटित इस घटना को पूर्व उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने हतप्रभ करने वाला कहा है। उन्होंने कहा कि इस घटना से मैं भौचक्क रह गया हूं। छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी बुरी स्थिति छत्तीसगढ़ में कभी नहीं रही। सरगुजा निवासी ईश्वर राजवाड़े की इस तरह दिनदहाड़े हत्या से मन आहत है। घटना की जानकारी होते ही उन्होंने छत्तीसगढ़ के डीजीपी अशोक जुनेजा को फोन कर इस मामले में त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों को गिरफ्तार करने कहा है। कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव लैतफलांग कांग्रेस नेताओं के साथ सरईटिकरा गांव पहुंची तो ईश्वर के परिवार के लोग विलख पड़े।परिवार से जानकारी मिली कि कलेक्टर दर पर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के तौर पर नियुक्त था एवं विभाग के अधिकारी को लेकर शासकीय दौरे पर था। परिवार से मुलाकात कर लैतफलांग सहायता का आश्वासन भी दिया है।उन्होंने मांग की है कि चूंकि ईश्वर राजवाड़े की मौत शासकीय सेवा के दौरान हुई है, इसलिए सरकार ईश्वर राजवाड़े के परिवार को मुआवजा देने के साथ ही उसकी पत्नी को उसकी योग्यता अनुसार नौकरी दे। मृतक के बच्चों के उचित शिक्षा का भी प्रबंध करे। जरिता लैतफलांग के साथ प्रदेश कांग्रेस महामंत्री डा जेपी श्रीवास्तव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह मौजूद रहीं।

## संदीप हत्याकांड: पत्नी ने दो अबोध बच्चों के साथ आत्मदाह की दी चेतावनी



**अंबिकापुर।** सीतापुर क्षेत्र के राजमिस्त्री संदीप लकड़ा की जघन्य हत्या का मुख्य आरोपित अभिषेक पांडेय अभी भी पुलिस पकड़ से बाहर है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इधर सोमवार को मृतक की पत्नी सलीमा लकड़ा ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंप दो अबोध बच्चों के साथ सीतापुर थाना के सामने गांधी जयंती दो अक्टूबर के दिन आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। प्रकरण में अभी तक न्याय नहीं मिलने का दावा कर बेवा के ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ मृतक के स्वजन व कांग्रेसजन भी उपस्थित थे। घटना के बाद से आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सीतापुर में धरना चल रहा है। सोमवार को मृतक की पत्नी के द्वारा ज्ञापन सौंपने की जानकारी प्रशासन को दी गई थी। सोमवार दोपहर धरना स्थल से एसडीएम कार्यालय तक रैली की शक्ल में लोग पहुंचे। यहां मृतक की पत्नी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें आत्मदाह का उल्लेख है। ज्ञापन में उल्लेखित तथ्यों की जानकारी नहीं होने का दावा पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने किया है।

## युवकों ने होम्योपैथी चिकित्सक से की मारपीट

**अंबिकापुर।** शहर के मनेंद्रगढ़ रोड स्थित दत्ता कालोनी निवासी केडी अस्पताल के संचालक व होम्योपैथी चिकित्सक से रविवार की देर शाम उत्पाती युवकों ने मारपीट कर दी। युवक नशे में धुत सड़क पर बाइक खड़ी कर बैठे थे। चिकित्सक ने उन्हें हटने के लिए कहा तो युवकों ने उनके साथ मारपीट की। चिकित्सक की रिपोर्ट पर गांधीनगर पुलिस ने पांच युवकों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 126(2), 191(2), 296, 351(3) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार होम्योपैथी चिकित्सक डा. सुशील मिश्रा रविवार शाम करीब छह बजे दत्ता कालोनी स्थित निवास से क्लिनिक जाने निकले। इसी दौरान रास्ते में युवकों ने सड़क से हटने की बात पर उनकी पिटाई कर दी। मारपीट की जानकारी लगते ही अन्य चिकित्सक भी जमा हो गए। डाक्टरों की टीम के साथ बड़ी संख्या में लोग गांधीनगर थाने पहुंच मारपीट की जानकारी दी। उन्होंने सभी आरोपितों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। इधर रिपोर्ट के आधार पर गांधीनगर पुलिस ने मामले में बैजनाथ अहीर, रोहित यादव, सुजल विश्वकर्मा, आदि अग्रवाल, वंश पंडित सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांधीनगर टीआई प्रदीप जायसवाल ने बताया कि मारपीट में दो नाबालिग भी शामिल थे। पुलिस सभी आरोपितों को पकड़ने संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# करमा त्योहार मनाने के दौरान विवाद पति की हत्या कर कुएं में फेंक दिया शव



**अंबिकापुर।** कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम घुघरीकला निवासी राजेश पैकरा (31) का शव 17 सितंबर को नवडीहा के एक कुएं में मिला था। ससुराल पक्ष के लोगों ने पैर फिसल जाने के कारण राजेश के कुएं में गिरने की जानकारी पुलिस को दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि पर पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि पत्नी ने भाइयों और उसके दोस्तों की मदद से राजेश की हत्या कर दी थी । पुलिस जांच में पता चला कि राजेश पैकरा पत्नी सुनती एवं दो बच्चों को लेकर 14 सितंबर की शाम सात बजे करमा त्यौहार मनाने नवडीहा गया था। 15 सितंबर को मृतक राजेश पैकरा के साथ उसके तीन साले व दो अन्य आरोपी शराब का सेवन कर रहे थे। शराब पीने के दौरान राजेश पैकरा ने नशे की हालत में पत्नी सुनती व सालों के साथ गाली-गलौज की। इससे आक्रोशित होकर पत्नी सहित छह लोगों ने राजेश के साथ हाथ-मुक्के एवं डंडे से मारपीट की। उसे गांव के बाहर ले गए। शोर मचाने पर आरोपितों ने राजेश का गला दबा दिया। उसके शव को कुएं में फेंक कर साक्ष्य छिपाने का प्रयास किया। पुलिस ने मृतक राजेश पैकरा की पत्नी सुनती (30), साला सुधन पैकरा (23), सुदेश पैकरा (22), विधायक पैकरा (19) एवं गांव के ही छोटू सोनवानी (20) एवं एक अपचारी बालक को हत्या व साक्ष्य छिपाने के आरोप पर गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय के निर्देश पर सभी को जेल भेज दिया गया है।

## जनपद सीईओ आवास निर्माण कार्य की नियमित करें मॉनीटरिंग

**सूरजपुर।** राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। इसी सिलसिले में जिला कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने सोमवार को विभिन्न योजनाओं की समीक्षा समय सीमा की बैठक में की और संबंधित विभागों से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने पीएम आवास योजना पर विशेष फोकस देने की बात कही। पीएम आवास योजना के लाभार्थियों की पहली किस्त 17 सितंबर को लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर कर दी गई है। पीएम आवास के लिए जिले में 18018 पीएम आवास के हितग्राहियों के खातों में जारी प्रथम किस्त की राशि का उपयोग सभी हितग्राही आवास निर्माण में ही करें, इसके लिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हितग्राही द्वारा आवास का निर्माण कार्य सतत प्रक्रिया के तहत कराया जा रहा है कि नहीं इसके लिये जनपद पंचायत सीईओ निर्माण कार्य का लगातार भौतिक परीक्षण करेंगें। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि एसडीओ, आरईएस, विकासखंड, समन्वयक, पीओ नरेगा, तकनीकी सहायक, उप अभियंता , तकनीकी सहायक , सचिव तथा रोजगार सहायक भी नियमित रूप से निर्माण कार्य पर नजर रखेंगें।

## हितग्राही गुलाब का कच्चे से पक्के मकान का सपना हुआ साकार

**सूरजपुर।** जनपद पंचायत प्रतापपुर के ग्राम पंचायत बगड़ा के गुलाब अपने परिवार के तीन सदस्यों साथ रहतें है, श्री गुलाब ने बताया कि कच्चे मकान की हालत बहुत खराब थी, जिसके कारण बारिश के दौरान छत से पानी टपकता रहता है। टूटी दीवारों के कारण दीवार के गिर जाने, घर में सांप, बिच्छू न घुस जाये एवं हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के कारण हाथियों के हमले होने का डर हमेशा बना रहता है। श्री गुलाब दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करतें हैं और आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि पक्का घर भी बना सकें। उन्होंने बताया कि वे ग्राम सभा में गए थे, जिसमें पता चला कि केंद्र सरकार द्वारा पक्का आवास के लिए एक योजना प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) संचालित है। जिसकी सूची में उनका नाम दर्ज है यह जानकारी प्राप्त होने पर वह बहुत खुश हुए, सचिव/रोजगार सहायक द्वारा उनसे सारे आवश्यक दस्तावेज जमा कराए गए। जिसके बाद उनके खाते में प्रथम किस्त की राशि 17 सितंबर 2024 को हस्तांतरित हो गई है।

# कांग्रेस के रिक्त पदों पर मिलेगा महिला एवं युवाओं को मौका:जरिता

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में सोमवार को सरगुजा जिले के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव जरिता लैतफलांग ने कहा कि सरगुजा में आप कार्यकर्ताओं के बीच काम करने आई हूं। मेरे लिए पार्टी का कोई भी काम आप कार्यकर्ताओं के सहयोग के बिना पूरा नहीं कर पाऊंगी। राष्ट्रीय सचिव जरिता लैतफलांग को हाल ही में एआइसीसी ने छत्तीसगढ़ में सहप्रभारी नियुक्त किया है। उत्तरी छत्तीसगढ़ के जिलों का प्रभार इन्हें सौंपा गया है।



प्रभारी नियुक्ति के उपरांत तीन दिन से वे दौरे पर हैं एवं विभिन्न जिला कांग्रेस कमेटियों के साथ संवाद कर रही हैं। इसी सिलसिले में सोमवार को उन्होंने राजीव भवन में कार्यकर्ताओं की बात सुनी। पूर्व में वे नगालैंड, त्रिपुरा और मणिपुर की प्रभारी थीं जहां पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पांच में से तीन सीटों पर अपनी जीत दर्ज की है। कार्यकर्ताओं के साथ संवाद के दौरान उन्होंने जानकारी दी है कि जल्द ही संगठन में रिक्त पदों को भरा जाएगा। रिक्त पदों को भरने में महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा है कि संगठन के रिक्त पदों के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्ग के कर्मठ कार्यकर्ताओं को भी वरीयता दी जाएगी। कार्यकर्ताओं को उन्होंने जानकारी दी कि भविष्य में मंडल कमेटी की सिफारिशों के अनुसार संगठन का ढांचा तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस में लोकतंत्र है और कांग्रेस द्विआयामी संवाद पर विश्वास करती है, जिसमें नीचे के कार्यकर्ता का संदेश उच्च नेतृत्व तक जाएगा और उच्च नेतृत्व कार्यकर्ताओं के संदेशों को अमल में लाएगा। कार्यकर्ताओं के साथ हुए संवाद विगत चुनावों के परिणामों के साथ ही आगामी नगरीय निकाय और ग्रामीण चुनावों को लेकर रणनीति पर भी चर्चा हुई। लगभग तीन घंटे तक चली इस बैठक में कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रमुख के साथ ही कांग्रेस के पार्षद, जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्यों के साथ ही कई कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपना अपना पक्ष सहप्रभारी जरिता लैतफलांग के समक्ष रखा। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता के द्वारा किया गया। संवाद कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, बालकृष्ण पाठक,डा जेपी श्रीवास्तव, द्वितेन्द्र मिश्रा, मधु सिंह, मधु दीक्षित, फुलकेरिया भगत, विक्रमादित्य सिंह, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, राजनाथ सिंह, कृपा गुप्ता, बलराम यादव, प्रदीप गुप्ता, सीमा सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं मौजूद थे। सरगुजा संभाग में नए सिरे से कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की कवायद चल रही है, इसी को लेकर छत्तीसगढ़ की नई प्रभारी सचिव जरिता लैतफलांग उत्तर छत्तीसगढ़ पहुंची हैं। उनके आने से पहले भी कई बैठकों में सरगुजा में टीएस सिंहदेव और पूर्व मंत्री अमरजीत भगत का खेमा एक साथ दिखा।पांच साल सत्ता में रहते दोनों की गुटबाजी खुलकर सामने आ गई थी। संगठन की लगातार प्रशासनिक के स्तर पर भी उपेक्षा हो रही थी। संगठन के लोग टूटने लगे थे। समानांतर संगठन खड़ा करने की कोशिश में भी हुई किंतु बीते विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार ने कांग्रेस को एक मंच पर ला खड़ा किया है। कभी राजीव भवन से दूरी बनाने वाले अमरजीत भगत के समर्थक एक मंच पर नजर आ रहे हैं। सोमवार को छत्तीसगढ़ की प्रभारी सचिव की मौजूदगी में बैठक में शामिल हुए।

## संरक्षण समितियों की ली गई समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** जिला संयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में आज कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बाल संरक्षण समितियों की बैठक रखी गई थी। जिसमें शिक्षण सत्र 2024-25 में स्कूलों में जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने, बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, चिल्ड्रन इन स्ट्रीट सिचुएशन बच्चों के चिन्हांकन, रेस्क्यू एवं पुनर्वास हेतु समस्त संबंधित विभागों के निर्धारित कार्य एवं समन्वय की समीक्षा एवं अनुश्रवण, गुमशुदा या प्राप्त हुए बच्चों की जानकारी तत्काल पोर्टल पर अपलोड करने, जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों पर बाल श्रम हेतु मानव तस्करी रोकने पर किये जा रहे जागरूकता कार्यक्रम, एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) में आए प्रकरणों, विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण के स्थापना एवं संचालन, मिशन वात्सल्य अंतर्गत संविदा पर कार्यरत समस्त अधिकारी/कर्मचारयों का आगामी 03 वर्ष हेतु सेवा अवधि वृद्धि किए जाने इत्यादि एजेंण्डा पर विस्तृत चर्चा की गई।

# राजस्व मंडल के आदेशों में कूटरचना का संदेह, सत्यापन के लिए भेजा गया

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिला अनुसूचित क्षेत्र घोषित है। प्रविधानों के तहत जिले में अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति की भूमि को गैर आदिवासी के पक्ष में अंतरित नहीं किया जा सकता। सरगुजा कलेक्टर विलास भोसकर के संज्ञान में आठ ऐसे प्रकरण आए हैं जिसमें पक्षकारों द्वारा कूटरचना का संदेह है। गैर आदिवासियों ने राजस्व मंडल के आदेश का हवाला देकर आदिवासियों की जमीन उनके नाम करने अंबिकापुर तहसीलदार व नायब तहसीलदार के समक्ष आवेदन दिया है। ये सभी आठ आदेश पूरी तरीके से फर्जी होने की संभावना है। इन सभी संदिग्ध आदेशों को परीक्षण के लिए कलेक्टर ने राजस्व मंडल को प्रेषित किया है।चूंकि पूर्व में राजस्व मंडल के आदेश में कूटरचना प्रमाणित हो चुकी है इसलिए इन आठ प्रकरणों में भी जालसाजी प्रमाणित होना तय माना जा रहा है।

अंबिकापुर तहसीलदार और नायब तहसीलदार के समक्ष आठ गैर आदिवासियों ने आदिवासियों की तथा शासकीय जमीन उनके नाम अंतरित करने का आवेदन प्रस्तुत किया है। इसके साथ राजस्व मंडल का आदेश भी संलग्न किया गया है। अनुसूचित क्षेत्र में आदिवासियों की जमीन गैर आदिवासियों के नाम अंतरित नहीं हो सकती



इसके बाद भी राजस्व मण्डल के आदेश का हवाला दिया गया है। तहसीलदार और नायब तहसीलदार को राजस्व मंडल के कथित आदेशों पर संदेह है। उन्होंने कलेक्टर को वस्तुस्थिति से अवगत कराया तो कलेक्टर ने इन आदेशों की प्रारंभिक स्तर पर जांच कराई। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आदेश राजस्व मंडल की वेबसाइट पर भी अपलोड नहीं है इससे इनके फर्जी होने का पूरा संदेह है। यही कारण है कि कलेक्टर ने सरगुजा के नायब तहसीलदार निखिल वर्मा को इन प्रकरणों के सारे दस्तावेज के साथ राजस्व मंडल भेजा है। एक-दो दिन में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। स्थानीय स्तर पर अधिकारी यह मान रहे हैं कि आवेदकों द्वारा राजस्व मंडल का कूटरचित आदेश प्रस्तुत कर करोड़ों की बेशकीमती जमीन अपने नाम कराने का प्रयास किया गया है। सरगुजा जिले में राजस्व मंडल के पांच कूटरचित दस्तावेज से जमीन फर्जीवाड़ा की पुष्टि हो चुकी है। कलेक्टर विलास भोसकर ने ही उक्त गड़बड़ी पकड़ी थी। पांचों मामले में आरोपितों के विरुद्ध गैर जमानती धाराओं के तहत अपराध पंजीकृत किया जा चुका है। सारे अपराधी भागे-भागे फिर रहे हैं। फर्जीवाड़े के संदेह पर जो आठ आदेश जांच के दायरे में हैं उनमें से एक प्रकरण फरार आरोपित का है। इस बार भी जालसाजी पर एफआइआर तय माना जा रहा है। सरगुजा जिले में जमीन फर्जीवाड़े की शिकायत पुरानी है। यहां भू माफियाओं की सक्रियता वर्षों से चली आ रही है। राजस्व न्यायालयों से फैसला अपने पक्ष में नहीं आने की स्थिति में पहुंच और प्रभाव वाले कई जालसाज प्रकरण राजस्व मंडल में प्रस्तुत कर रहे हैं। वहां भी उनके विरुद्ध फैसला आने के बाद भी कूटरचित दस्तावेज तैयार करवाया जा रहा है। इसके पीछे संगठित गिरोह के सक्रिय होने की जानकारी सामने आ रही है। राजस्व मंडल का कूटरचित दस्तावेज स्थानीय स्तर पर तहसीलदार और नायब तहसीलदार के न्यायालय में लाकर जमीन अपने नाम अंतरित कराने अभ्यावेदन दिया जाता है। गड़बड़ी सामने आने के बाद अब राजस्व अधिकारी हर आदेश कस बारीकी से अध्ययन कर रहे हैं। हमने इन प्रकरणों को राजस्व मंडल में सत्यापन के लिए भेजा है। भू राजस्व संहिता की धारा 165 के तहत अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति की भूमि को गैर आदिवासी के पक्ष में अंतरण नहीं किया जा सकता। जिले की यह शासकीय भूमि काफी कीमती है। पूरा संदेह है कि इन सभी में कूटरचना की गई है। राजस्व मंडल से सत्यापन करने का आग्रह किया गया है,जैसे ही सत्यापन होकर आएगा। इन सभी मामलों में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

## ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सूरजपुर।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीपावली पर्व के अवसर पर पटाखा विक्रय के लिए अस्थाई पटाखा लाइसेंस के लिए नजदीकी लोक सेवा केंद्र से ऑनलाइन आवेदन पत्र, निर्धारित शपथ पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड सहित 23 सितंबर से 8 अक्टूबर शाम 05:00 बजे तक जमा कर सकते है। अधूरे दस्तावेज तथा नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# 25 करोड़ से भव्यता मिलेगी दुर्गोत्सव को, पंडालों को मिल रहा आकार

## मूर्तिकार, टेंट से लेकर सजावटी सामानों और कई उद्यमियों को रहती है प्रतीक्षा

**कोरबा।** अश्विन शुक्ल पक्ष में नवरात्र पर्व मनाया जाएगा। शक्ति की उपासना के नाम से पर्व की पहचान है। औद्योगिक जिले कोरबा में सैकड़ों स्थान पर आदिशक्ति की प्रतिमाएं विराजित करने के साथ यह उत्सव संपन्न होगा। अनुमान है कि शहर से लेकर उपनगर और कस्बों व ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले इस आयोजन में लगभग 25 करोड़ खर्च होंगे। पंडाल तैयार होने से लेकर संपूर्ण पूजा में इतनी राशि कुल मिलाकर व्यय होगी। कई उद्यमियों को इससे ऊंचा उठने का मौका मिलेगा।

गणेशोत्सव के साथ ही दुर्गा पूजा के लिए कोरबा जिले में प्राथमिक तैयारियां शुरू हो गई जो अब लगातार बढ़ रही है। मौसम के उठापटक के कारण आयोजन समितियों के सामने चुनौतियां हैं लेकिन वे पूरे मन से अपने काम में जुटे हैं। पूजा पंडाल तैयार करने वाले कारीगरों ने सक्रियता बढ़ाई है तो समितियों का ध्यान अपने बजट की पूर्ति में लगा हुआ है। वर्ष में हिंदू समुदाय इस शक्ति पूजा को लेकर बेहद गंभीरता दिखाता है और यही वजह है कि वह अपने समुदाय पर फोकस किए है ताकि आयोजन बेहतर तरीके से संपन्न हो सके। अकेले कोरबा नगर में दुर्गा पूजा के लिए 50 से अधिक पंडाल तैयार हो रहे हैं। उपनगरीय क्षेत्र बालकोनगर, दर्री, जमनीपाली, कुसमुंडा, बांकीमोंगरा और दीपका में भी लगभग इतनी ही संख्या ऐसे पंडालों की है। जबकि कटघोरा, पाली समेत ग्रामीण अंचल में भी दुर्गा उत्सव आस्था और उत्साह के साथ संपन्न होना है।



### पंडाल पर असीमित खर्च

दुर्गा पूजा के लिए अलग-अलग अंदाज के लिए पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। इनमें दो लाख से लेकर 10 और 15 लाख तक के खर्च संभावित हैं। बांस के स्ट्रक्चर खड़ा करने के साथ इन्हें धार्मिक और एतिहासिक धरोहर का आकार दिया जा रहा है।

### नारियल और फूल की ज्यादा मांग

बाजार का रूख मौसम और तीज-त्योहार के हिसाब से बदलता है और इसी के हिसाब से उसे बूस्ट मिलता है। बाजार के जानकार बताते हैं कि वर्ष में दो नवरात्र पड़ते हैं लेकिन उसमें अश्विन नवरात्र के दौरान देवी को समर्पित किए जाने वाले नारियल की मांग अपेक्षाकृत ज्यादा होती है। देवी मंदिरों के साथ-साथ मूर्ति स्थापना वाले पंडालों में प्रतिदिन कई लाख की संख्या में ऐसे नारियल समर्पित किए जाते हैं। कारोबारियों के मुताबिक भले ही हर साल मूल्य वृद्धि हो रही है लेकिन नवरात्र पर नारियल की मांग में स्थिरता का सवाल ही नहीं है। कोरबा क्षेत्र में यही हाल अलग-अलग वेरायटी के फूलों को लेकर है। मंदिरों व पंडालों की सजावट के साथ दैनिक पूजा में उपयोग के लिए स्थानीय स्तर पर प्राप्त होने वाले गुड़हल के फूल के अलावा दूसरे फूल मार्केट से लिए जाते हैं। कारोबारियों को इसमें सबसे ज्यादा आमदनी होती है और पर्याप्त मुनाफा भी।

### ज्योति कलश होंगे प्रज्जवलित मंदिरों में

नवरात्र पर ज्योति कलश प्रज्जवलित कराने की परंपरा वर्षों से प्रचलित है और अब भी इसका निर्वहन जारी है। सर्वमंगला, मड़वारानी, वैष्णो दरबार, महिषासुर मर्दिनी, सिद्धिदात्री, कंकालीन, वनसरा, चोढ़ारानी और चंडिका मंदिर में इस नवरात्र पर अनुमानित 25 हजार घृत और तेल ज्योति कलश प्रज्जवलित होंगे।

### लोड के हिसाब से देंगे अस्थाई कनेक्शन

सीएसईबी वितरण कंपनी ने दुर्गा पूजा समितियों को कहा है कि वे अनिवार्य रूप से अस्थाई कनेक्शन प्राप्त करें। उनके आवेदन मिलने के साथ कनेक्शन दिए जाएंगे। अन्य स्थिति में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि पूजा पंडालों में विद्युत के लोड के हिसाब से कनेक्शन की प्रक्रिया की जाएगी।

## निर्माण कार्य में रूचि लेने वाली पंचायतें भटक रही भुगतान के लिए

**कोरबा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्राथमिक तैयारियां शुरू हो गई हैं और इधर पंचायतों की टीम पिछले समय में कराए गए निर्माण कार्य का भुगतान नहीं मिलने से परेशान हैं। सरकार से फंड आबंटित होने के बावजूद जिले में इसे जारी नहीं करने से चुनौतियां बढ़ गई हैं। सबसे ज्यादा परेशानी सप्लायरों और दुकानदारों को भुगतान न करने के कारण तकादे की है।

इस प्रकार की परेशानी जिले के पांच विकासखंड में अधिकांश पंचायतों की है। उन्होंने समग्र विकास के अलावा 15वें वित्त से स्वीकृत किए गए निर्माणमूलक काम पंचायतों में कराए। ये काम अलग-अलग श्रेणी और सामुदायिक विकास से जुड़े हुए हैं। सरकार के निर्देशानुसार पंचायतों ने कामों को कराने के लिए अपने स्तर पर व्यवस्था की। सामाग्री का इंतजाम किया। किसी तरह से श्रम शक्ति को भुगतान किया। वर्तमान में उनके बड़े बिल लंबित हैं, जिनका भुगतान अटका हुआ है। बताया गया सत्यापन और निरीक्षण संबंधी प्रक्रिया हो चुकी है। लेकिन इसके बावजूद भुगतान नहीं हो पा रहा है। बताया गया कि पंचायतों को उनके भुगतान के लिए उपर से फंड भी जारी किया जा चुका है लेकिन जिले से इसे आगे भेजने की प्रक्रिया बाधित है। सरपंचों ने अपने संगठन के माध्यम से दबाव बनाया लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। प्रशासन के अधिकारियों को भी इसकी जानकारी है लेकिन अगली कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही यह समझ से परे है।

## काली पट्टी लगाकर कामगारों ने काम किया

**कोरबा।** संयुक्त मोर्चा के द्वारा श्रम विरोधी नीति व निजीकरण के खिलाफ आंदोलन किया जा रहा है। जिसके तहत आज एसईसीएल में कालीपट्टी लगाकर संयुक्त मोर्चा के सदस्यों ने कार्य किया। जीएम शाखा क्षेत्र में सुभाष सिंह, नवीन सिंह, मनोज कटेरिया, के.आर.कश्यप, भुनेश्वर कश्यप के नेतृत्व में कामगारों ने काली पट्टी लगाकर कार्य करते हुए विरोध प्रकट किया। कल इनके द्वारा जीएम ऑफिस के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया था। यह कामगार कल भी काली पट्टी लगाकर विरोध प्रकट करेंगे।

# गौ सेवा आयोग का अध्यक्ष हो यादव समाज से

### जनजागरण यात्रा का नगर में हुआ स्वागत

**कोरबा।** चार सूत्रीय मांगो को लेकर दिनों यादव समाज जन जागरण यात्रा पर है। बस्तर के दंतेश्वारी मंदिर से सात सितंबर को यात्रा का आगाज हुआ है,जो अनवरत रुप से जारी है। यात्रा के कोरबा पहुंचे पर समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। यात्रा का समापन 30 सितंबर को राजधानी रायपुर में होगा,जहां समाज का विशाल महासम्मेलन आयोजित होने जा रहा है।

चार सूत्रीय मांगो को लेकर बस्तर के दंतेवश्वरी मंदिर से निकली सर्व यादव समाज की जन जागरण यात्रा कोरबा पहुंची। संगठन चाहता है,कि गौ सेवा आयोग व पिछड़ा वर्ग यादव में अध्यक्ष पद यादव समाज से होना चाहिए। गौ अभ्यारण्य निर्माण से प्रभावित यादव समाज के लोगों को रोजगार और विस्थापन दिया जाए। वन क्षेत्र में रह रहे समाज के लोगों को वन अधिकार पट्टा दिया जाए और सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित किया जाए। ग्राम पंचायत ढपढप के आश्रित ग्राम कसरेंगा स्थित यादव आदर्श संस्थान भवन में यात्रा के पहुंचने पर यादव समाज के पदाधिकारियो ंका स्वातगत किया गया। यात्रा में शामिल समाज के पदाधिकारियों और जन प्रतिनिधीयों ने मौके पर मौजूद लोगों को यात्रा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया,कि यह यात्रा भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में निकाली गई है।

# नहीं बनी बात, पीड़ित ग्रामीण खोलेंगे वन विभाग के खिलाफ मोर्चा

**कोरबा।** गजराजों के द्वारा जन-धन को नुकसान पहुंचाने का मामला बढ़ता जा रहा है। अरसे से यह समस्या बनी हुई है। कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के करीब 70 गांव के ग्रामीण जल्द ही प्रशासन और वन विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे।

हाथियों के उत्पात को लेकर पिछले दिनों किए गए धरना प्रदर्शन के बाद पोड़ी एसडीएम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया था,जो विफल रही,जिसके बाद अब ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया है। हाथी के उत्पात से परेशान कोरबा जिले में पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के करीब 70 गांव के ग्रामीणों ने एक बार फिर से प्रशासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया है। हाथियों के आतंक को रोक पाने में जिस तरह से प्रशासन विफल हुआ है उससे आक्रोशित होकर 18 सितंबर को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने चोटिया बाजारभांटा में धरना प्रदर्शन किया था,जिसके बाद प्रशासन ने एसडीएम के नेतृत्व में वार्ता का आयोजन किया था। वार्ता के दौरान संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से ग्रामीणों ने बैठक का बहीष्कार कर दिया और आने वाले समय पर उग्र आंदोलन करने के साथ ही चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है,क प्रशासन ने बैठक बुलाकर केवल और केवल खानापूर्ती की है। हाथियों ने उनका जीना दुभर कर दिया है। फसलों को उनके द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है,जिसका मुआवजा नाममात्र का दिया जाता है।

### सिर्फ औपचारिकता तक सीमित है प्रशासन

### कल साधक जाएंगे लोरमी

**कोरबा।** सिद्धाश्रम साधक परिवार के द्वारा कल 25 सितंबर को साधना शिविर का आयोजन किया गया है। इस साधना शिविर में कोरबा के सैकड़ों साधक भाग लेंगे। साधना शिविर में गुरुदेव कैलाशचंद्र श्रीमाली प्रवचन के साथ-साथ गुरुदीक्षा प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एवन कश्यप, छवि कश्यप, जे.आर.अहिरवार सहित सभी साधक जुटे हुए हैं। इसी तरह 28 सितंबर को जैजैपुर में भी साधना शिविर का आयोजन किया गया है। यहां भी गुरुदेव श्रीमाल दीक्षा प्रदान करेंगे।

# कार्य संस्कृति को दर्शाती है स्वच्छता, कहा-जेवियर ने

**कोरबा।** भारत सरकार एवं एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इस अभियान को लेकर मिले निर्देश पर काम जारी है। एसईसीएल के कोरबा स्थित सेण्ट्रल वर्कशॉप, सेण्ट्रल स्टोर्स, कोरबा में स्वच्छता की भागीदारी की जा रही है। शुभारंभ अवसर पर जीएम व्ही.डी.जेवियर ने कहा कि स्वच्छता सभी क्षेत्र में आवश्यक है और इससे पता चलता है कि हम सब इसे कितना महत्व देते हैं। जब वातावरण साफ-सुथरा रहेगा तो कार्य के प्रति सकारात्मकता पैदा होगी और कई प्रकार की जोखिम से हम बचे रहेंगे।



कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय कर्मशाला, स्टोर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान को क्रियान्वित किया गया। सभी लोगों से आह्वान किया गया कि वे कार्य स्थल के साथ उन क्षेत्रों में ध्यान दें जहां से उनका लेना-देना है। इस अवसर पर सेण्ट्रल वर्कशॉप, कार्यप्रबंधक के.के.राव, नोडल आफिसर बलराम टंडन एवं समस्त विभागाध्यक्षों, शॉप प्रभारियों, अधिकारियों, जेसीसीसी के पदाधिकारियों, एससीएसटीओबीसी काउसिंल एवं सिस्टा के पदाधिकारी, बेकवर्ड ओबीसी तथा कर्मचारी एवं महिला कर्मचारियों द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया।

## मुखर्जी वेलफेयर कमेटी सदस्य बने

**कोरबा।** एसकेएमएस ने जय मुखर्जी को कोरबा एरिया वेलफेयर कमेटी का सदस्य बनाया है। इसी तरह सुभाष सिंह को भी कोरबा एरिया में जेसीसी की जवाबदारी गई है। इनकी नियुक्ति पर कामगारों ने हर्ष जताया है।


आवश्यकता है
पैकिंग कार्य हेतु स्टाफ की आवश्यकता है।
स्थान-राताखार कोरबा
वेतन-योग्यता अनुसार
-:संपर्क करें :-
मो.-8305725555


# आकर्षक कलाकृतियों को रूप दिया रंगोली व मांडना से





### अग्रसेन जयंती पर हो रही प्रतियोगिता

**कोरबा ।** महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता जारी है। सोमवार को आओ भवन सजाएं प्रतियोगिता, बोरा दौड़ प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें 57 प्रतिभागी शामिल हुए। रंगोली और मांडना पर आधारित स्पर्धा में आकर्षक कलाकृतियां तैयार हुईं।

साड़ी वॉकयन में प्रथम शोभा ऐरन, द्वितीय मेघा अग्रवाल, तृतीय दुर्गा बजाज रहीं। मारवाडी संस्कार के सितारे प्रथम रीमा अग्रवाल, द्वितीय निकिता अग्रवाल, तृतीय सॉची बंसल, भुट्टे के छिलके का आर्ट प्रथम कमलेश अग्रवाल, द्वितीय मेघा अग्रवाल, तृतीय दिशा अग्रवाल, मेंहदी मांडना प्रथम पूजा अग्रवाल, द्वितीय नेहा बगड़िया, तृतीय शिखा डिडवानिया रहीं। कुर्सी का राज प्रतियोगिता प्रथम ममता अग्रवाल, द्वितीय आशा अग्रवाल, तृतीय सॉची बंसल रहीं। चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम दिव्या अग्रवाल, द्वितीय रेखा अग्रवाल, तृतीय नेहा अग्रवाल, सुई धागा दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम दुर्गा बजाज, द्वितीय संगीता अग्रवाल, तृतीय प्रीति जालान रहीं। बताया गया कि आज दोपहर म्यूजिकल हाउजी, रूनक झूनक दौड़ प्रतियोगिता रखी गई है।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com